दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-16 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 20 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना



## रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई सीएम, विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

### आज दोपहर शपथ ग्रहण समारोह



नई दिल्ली (ए)। आखिरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो गया है। रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमँत्री होंगी। भाजपा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भाजपा ने मान लिया है। प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम होंगे। बुधवार शाम दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया गया। नए सीएम के नाम का फैसला केंद्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में लिया गया।विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 11 दिन बाद बुधवार को शाम 7 बजे हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया गया है। इसी के साथ रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 आयोजित कार्यक्रम में लेंगी। गौरतलब है कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में जादुई आंकड़े से कहीं ज्यादा बहुमत हासिल कर सभी को चौंकाने का काम किया था। अब रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार की कमान संभालेंगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को राम लीला मैदान में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल होंगे। यहां बताते चलें कि 27 साल के लंबे अंतराल के बाद भाजपा की सरकार दिल्ली में काबिज होने जा रही है।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।

## महाकुंभ बना भारत का सबसे बड़ा आर्थिक आयोजन, स्थानीय व्यापार को भारी बढ़ावा

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के अनुसार, इस बार के महाकुंभ ने 3 लाख करोड़ रुपए (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है। सीएआईटी के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे संबंध को दर्शाता है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के अनुसार, 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और 2 लाख करोड़ रुपए के व्यापार की संभावना थी, लेकिन देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे कुल व्यापार 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है। महाकुंभ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला।

## सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयुक्त नियुक्ति मामले की सुनवाई टली



नई दिल्ली,(आरएनएस)। चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। समय की कमी के चलते जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच ने मामले को आगे बढ़ाते हुए जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है।याचिकाकर्ताओं ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए गठित समिति में चीफ जस्टिस (सीजेआई), प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को शामिल करने का आदेश दिया गया था। लेकिन सरकार ने नया कानून पास कर इस समिति से सीजेआई को हटा दिया और उनकी जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री को शामिल कर दिया।इस कानून को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), लोक प्रहरी और जया ठाकुर समेत कई संगठनों और व्यक्तियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी की नियुक्ति को भी असंवैधानिक बताते हुए याचिका दायर की है। जया ठाकुर के वकील ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की पारदर्शिता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## बालाघाट में हॉकफोर्स को बड़ी सफलता, 4 हार्डकोर महिला नक्सली ढेर



बालाघाट (ए.)। बालाघाट जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार महिला नक्सली ढेर हो गईं। यह मुठभेड़ गढ़ी थाना क्षेत्र के रौंदा जंगल में हुई, जो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। पुलिस ने इस मुठभेड़ में नक्सलियों से कई हथियार और अन्य सामग्री भी बरामद की। मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल भी हुए, लेकिन भागने में सफल रहे। एक बयान में कहा गया कि उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की 12 टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। वहीं, मुठभेड़ में मारी गई 4 हार्डकोर महिला नक्सलियों में से तीन की पहचान हो गई है। ये तीनों कान्हा भोरमदेव दलम की सक्रिय सदस्य आशा, प्रमिला, करिश्मा बताई गई है। वहीं, चौथी नक्सली का नाम अभी पता नहीं चला है। बुधवार के दिन हुए एनकाउंटर की बालाघाट आईजी ने पुष्टि की है।

## धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर दो हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरिया अंचल के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से उनके बैंक खाते में अंतरित करेगी। इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा। किसानों के हित में प्रदेश सरकार ने पहले कोदो-कुटकी के उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। गेहूं उत्पादक किसानों से भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल उपज खरीदी जाएगी। दुग्ध उत्पादक किसानों से सरकार दूध खरीदेगी और उन्हें बोनस भी देगी। किसानों को सोलर पंप देकर उन्हें बिजली के बिल से भी मुक्ति दिलाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर नगरीय निकाय में गीता भवन बनाए जाएंगे। उमरिया में सोन नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण होगा। एक अन्य पुल भी 32 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अटलजी का व्यक्तित्व काफी विराट था। इस वर्ष उनकी जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। देश में पहली बार गांव-गरीब के बारे में किसी ने सोचा तो वे श्रद्धेय वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज गांवों में आवागमन सुगम हुआ है। गांवों को विकास और शहरों से जोड़ने वाले पहले व्यक्ति भारत रत्न अटलजी ही थे, जिनके सामने संसद में पक्ष-विपक्ष के सभी नेता नतमस्तक रहते थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि अब 250 की आबादी वाले गांवों में भी सड़कें बनाई जाएंगी। गरीबों को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में आनंद होना चाहिए। यह प्रदेश सरकार का संकल्प है। गरीबों का भी देश-प्रदेश में अधिकार है। समाज के वंचित वर्ग को पक्के मकान मिलने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की हैं। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 हो रही है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसी बात की कमी नहीं है। पर्याप्त बिजली और पानी है। यहां कोई भी उद्योग फल-फूल सकता है। सरकार ने ऐसी नीतियों को मंजूरी दी है कि स्थानीय युवा भी उद्योगपति बनें और खुद कमाने के साथ दूसरों को भी रोजगार प्रदान करें। सरकार ने दो से ढाई करोड़ की फैक्ट्री लगाने पर भी अनुदान देने का प्रावधान किया है।

## पंजाब सरकार ने 52 पुलिसकर्मी किए बर्खास्त, डीजीपी बोले पुलिस में काली भेड़े बर्दाश्त से बाहर

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार के इस घटना के दो दिन पहले मुक्तसर के डीसी को निलंबित किया गया था। इसमें कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर रैंक के कर्मचारी शामिल हैं।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। पुलिस में काली भेड़ों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, दिल्ली पुलिस की तर्ज पर एक महीने में ई-एफआरईआर दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही पंजाब पुलिस पुलिस सिटीजन फ्रेंडली सिसटम लागू रही है। पुलिस की तरफ से पहले 43 सेवाएं ऑनलाइन मुहैया करवाई जाती थी। वहीं, अब 60 के करीब सेवाओं को शामिल किया जाएगा। लोग सांझ केंद्र या घर पर बैठकर इन सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की तरह पुलिस अब मोटर व्हीकल चोरी ई एफआईआर सिस्टम शुरू करने जा रही है। इसे एक महीने में लागू किया जाएगा।

## 14 साल के बच्चे ने पिता को कमरे में बंद कर जलाया जिंदा, इस बात को लेकर था नाराज

फरीदाबाद ,(आरएनएस)। फरीदाबाद में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां, एक 14 वर्षीय लड़के ने अपने पिता को कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया और खुद छत से कूदकर मौके से फरार हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने लड़के को हिरासत में ले लिया और मामले में आगे की जांच जारी है।यह मामला फरीदाबाद के नवीन नगर का है। दरअसल, पिता ने लड़के को पैसे चुराने और पढ़ाई पर ध्यान न देने के लिए फटकार लगाई थी। इसके बाद लड़के ने जो किया वो जानकर आपकी भी रूह कांप जाएगी। पिता के डांटने पर लड़के ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया और फिर कमरे को आग लगा दिया। इस घटना में 55 वर्षीय आलम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, आस पड़ोस के लोगों को जैसे ही पता चला कि घर में आग लग गई है तो उन्होंने मौके पर पहुंच कर अंसारी को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके बाद बच्चा छत से कूदकर भाग गया। हालांकि, पुलिस ने उसे पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है।



### तीसरी आंख




## लखनऊ में पकड़ी गई फर्जी टीटीई, गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर फर्जी महिला टीटीई पकड़ी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने महिला का आईकार्ड चेक किया, जो कि फर्जी पाया गया। इसके बाद चारबाग जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।चारबाग स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान रेलवे द्वारा सूचना मिली कि एक महिला टीटी के परिधान में यात्रियों के टिकट चेक कर रही है। जीआरपी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिला का आईडी कार्ड चेक किया। महिला संदिग्ध होने पर स्टेशन मास्टर को बुलाया गया। उन्होंने उसका आईडी कार्ड मांगा, तो उसने अपना आईडी कार्ड दिया, जिसमें उसका नाम काजल सरोज पुत्री छोटेलाल सरोज निवासी ग्राम मालेपुर संत रविदास नगर अंकित है

## पृथ्वी पर मंडरा रहा खतरा, कई शहर हो सकते हैं तबाह... अंतरिक्ष से आ रहा विशाल एस्टेरॉयड

नई दिल्ली (आरएनएस)। पृथ्वी पर खतरा मंडरा रहा है और अंतरिक्ष से पृथ्वी की तरफ विशाल एस्टेरॉयड बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में नासा ने नया अलर्ट जारी किया है। नासा ने 'सिटी किलर एस्टेरॉयड' 2024 YRy के पृथ्वी से टकराने की संभावना बढ़ाई है। स्पेस एजेंसी ने मंगलवार को खुलासा किया कि इसके 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी से टकराने की संभावना 3.1 फीसदी है। पहले यह अनुमान 2.3 फीसदी था। अब इसकी संभावना 32 में 1 बार हो गई है। एस्टेरॉयड का व्यास 90 मीटर बताया जा रहा है, लेकिन यह और भी बड़ा हो सकता है।बताया जाता है कि एस्टेरॉयड इतना विशालकाय है कि अगर यह पृथ्वी से टकराता है तो इसकी एक टक्कर से पूरा शहर तबाह हो सकता है। पहली बार 27 दिसंबर 2024 को चिली के ऑब्जर्वेटरी ने इसे देखा था। अगर धरती से इसकी टक्कर होती है तो बड़ा विस्फोट हो सकता है।



## नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को लेकर आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए सांसद

### वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में देश की भूमिका को सांसद दर्शन सिंह ने किया रेखांकित

### मोदी जी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर सांसद दर्शन सिंह



नई दिल्ली /नर्मदापुरम (निप्र)। नई दिल्ली संसदीय सौंध में शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। बैठक में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। संसदीय स्थायी समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी की रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प की पूर्ति के लिए वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में हमारे महान भारत देश की भूमिका को रेखांकित किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि तक्षशिला और नालंदा प्राचीन भारत के दो प्रमुख विश्वविद्यालय थे। ये दोनों दुनिया भर में शिक्षा के केंद्र थे। तक्षशिला को दुनिया का सबसे पहला विश्वविद्यालय माना जाता है। वहींए नालंदा को तक्षशिला के बाद दुनिया का दूसरा सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय माना जाता है। आत्म.गौरव की बात है कि हम पुनः विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर है। इस स्थिति में अब हमें ऐसी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लानी होगी जो भारत की सभ्यता संस्कृति की ओर वैश्विक समुदाय को आकर्षित कर सके। दुनिया से लोग भारत में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आयें। विश्व गुरु बनना मोटे तौर पर राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा की भावना मानी जाती है। यदि हम अपने अतीत वर्तमान और भविष्य को देखें तो भारत अब इस आकांक्षा को पूरा करने में समर्थ है, हमारी सभ्यतागत संस्कृति ने हमें एक मजबूत दार्शनिक आधार प्रदान किया है। हमारी आध्यात्मिकता जहाँ एकम सत विप्र बहुधा वदंति सत्य एक है लेकिन बुद्धिमान लोग उसे अलग.अलग तरीके से वर्णित करते हैं। को पूरी दुनिया मानती है। अतः भारतीय उच्च शिक्षा के लिए ऐसा मसौदा तैयार किया जाएं।





# प्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने के लिए समय-सीमा में निर्माण गतिविधियां की जाए पूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है। अत: सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अत: ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढ़ीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

## महापौर पंच कल्याणक महोत्सव में हुई सम्मिलित, जैन मुनि प्रमाण सागर महाराज जी का आशीर्वाद ग्रहण किया

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हुई और मुनि श्री 1008 प्रमाण सागर जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रवचनों का श्रवण लाभ भी लिया।

जैन मुनि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में मंगलवार को महापौर मालती राय भी सम्मिलित हुई। टी.टी. नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में आयोजित महोत्सव में महापौर राय ने मुनि श्री 1008 प्रमाण सागर जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया एवं मंगल प्रवचनों का श्रवण लाभ भी लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव की अध्यक्षता में जी.आई.एस-2025 के आयोजन हेतु गठित शीर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में 24 एवं 25 फरवरी 2025 को आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर समिट-2025 के आयोजन हेतु गठित शीर्ष समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मंगलवार को आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा व राजेन्द्र शुक्ल, भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के अलावा मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## निगम अमले ने शहर में की अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्यवाही

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण निरोधक कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से लगाई गई दुकाने व निर्मित किए गए छज्जे, गुमठी, फेंसिंग तथा अवैध रूप से खडे चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को हटाते हुए 10 चार पहिया वाहन, 12 दो पहिया वाहन के अलावा ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, पन्नी आदि सहित अन्य प्रकार का सामान किया जप्त।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए गांधी नगर क्षेत्र में अवैध रूप से निकाले गए 02 छज्जों को तोड़ने की कार्यवाही की तथा टी.टी.नगर दशहरा मैदान क्षेत्र में अवैध रूप से खडे 10 चार पहिया वाहन एवं 12 दो पहिया वाहनों को जप्त कराया। निगम के अमले ने कोलार, सर्वधर्म पुल, दानिशकुंज, महाबली पुरम, सांई विहार कालोनी, आनन्द नगर, बैरागढ़, गांधी नगर, न्यू मार्केट, पुल बोगदा, आई.एस.बी.टी. माता मंदिर, मैनिट, पी.एण्ड.टी चैराहा, लिंक रोड नंबर 01, 02, 03, नेहरू नगर, होशंगाबाद रोड, रानी कमलापति स्टेशन, नर्मदा अस्पताल, भारत टॉकीज, आजाद मार्केट, कोहेफिज़ा, ओल्ड कैम्पियन ग्राउंड आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से लगी दुकानों, ठेलों, फेंसिंग, गुमठी, अवैध रूप से निर्मित दीवार आदि को हटाने की कार्यवाही की और 14 ठेले, 02 गुमठियां, 03 काउंटर तथा 25 पन्नियों सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में दिनाँक 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अति0 पुलिस महानिदेशक संजीव शमी व पुलिस कमिश्नर भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की मीटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 1 लाख 88 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

### गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत



भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक एक लाख 88 हजार 645 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 10, खरगौन में 487, बड़वानी में 56, अलीराजपुर में 23, खंडवा में 1999, धार में 9119, झाबुआ में 1872, इंदौर में 17298, मंदसौर 2077, नीमच 710, आगर-मालवा में 4353, देवास में 11215, रतलाम में 5684, शाजापुर में 14209, उज्जैन में 30215, अशोकनगर में 80, शिवपुरी में 222, ग्वालियर में 303, दतिया में 545, गुना में 366, भिंड में 137, श्योपुर में 367, मुरैना में 188, जबलपुर 42, बालाघाट 19, कटनी में 104, पांढुर्णा 2, डिंडौरी में 106, छिंदवाड़ा में 824, सिवनी में 1205, नरसिंहपुर में 1012, मंडला में 1696, हरदा में 1384, बैतूल में 1140, नर्मदापुरम में 6951, विदिशा में 7026, रायसेन में 9128, राजगढ़ में 8243, भोपाल में 6911, सीहोर में 31592, सतना में 309, रीवा में 328, सिंगरौली में 63, मऊगंज 5, मैहर में 36, सीधी में 393, अनूपपुर में 23, उमरिया में 359, शहडोल में 781, पन्ना में 345, निवाड़ी में 158, दमोह में 1018, टीकमगढ़ में 835, छतरपुर में 1280 और सागर में 3792 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## शिवाजी जन्मोत्सव के कार्यक्रम में माइक बंद करने पर हंगामा



### तहसीलदार के प्रतिमा के सामने माफी मांगने पर शांत हुआ विवाद

भोपाल(संदीप पंडा)। राजधानी भोपाल में बुधवार दोपहर लिंक रोड नंबर-1 पर छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव के कार्यक्रम के दौरान टीटी नगर तहसीलदार कुणाल राउत द्वारा साउंड सिस्टम का माइक बंद कराने की बात को लेकर हंगामा हो गया। इससे गुस्साए लोग शिवाजी की प्रतिमा के सामने ही धरने पर बैठ गए। बाद में टीटी नगर तहसीलदार कुणाल राउत के प्रतिमा के सामने ही माफी मांगने के बाद विवाद शांत हो गया। बीजेपी पार्षद पप्पू विलास घाड़गे ने बताया, रेडक्रॉस अस्पताल के पास चौराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित है। यहां 19 फरवरी को जन्मोत्सव कार्यक्रम करते हैं। बुधवार को भी कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान तहसीलदार आए और साउंड सिस्टम-टेंट हटा दिया। गुस्साए लोगो ने धरना देते हुए तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरु कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। वहीं तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगो को समझाइश देते हुए प्रतिमा के सामने माफी मांगी। इसके बाद विवाद शांत हो गया। मामले में तहसीलदार ने कहा कि साउंड सिस्टम या कार्यक्रम की अनुमति नहीं थी। मैं सिर्फ साउंड सिस्टम बंद करने को कहा था। समाजजनों को कोई गलतफहमी हो गई थी। मेरा गलत उद्देश्य नहीं था। समाजजनों के कहने पर मैंने शिवाजी महाराज से माफी भी मांग ली।

## भोपाल और ग्वालियर में आयकर विभाग का सर्वेक्षण, 50 करोड़ रुपये की कर चोरी का खुलासा

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल और ग्वालियर में तीन बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 50 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का मामला सामने आया है। यह सर्वेक्षण आयकर अधिनियम की धारा 133 के तहत 12 फरवरी को भोपाल के गोविंदपुरा क्षेत्र में श्री मां ग्रुप और शेपर्स कंस्ट्रक्शन, तथा ग्वालियर में परिवार ग्रुप अस्पताल के खिलाफ किया गया।

भोपाल: श्री मां ग्रुप पर आयकर सर्वेक्षण

श्री मां ग्रुप मध्य प्रदेश में मोबाइल, कार्बन क्रेडिट, अलमारी निर्माण, प्लास्टिक दानों, सफेद वस्तुओं के व्यापार और मोबाइल चार्ज वाउचर की थोक बिक्री करता है। जांच के दौरान यह पाया गया कि कंपनी खातों में दर्ज किए गए खर्चों का उचित विवरण देने में विफल रही।इस सर्वेक्षण के दौरान श्री मां मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, पॉलीश्री प्राइवेट लिमिटेड और ओयू ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड समेत संबंधित कंपनियों के समूह में 6.20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय सरेंडर की गई। करदाता ने इस राशि पर अतिरिक्त कर चुकाने की प्रतिबद्धता जताई है।

भोपाल: शेपर्स कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई

आयकर विभाग ने गोविंदपुरा के पंजाबी बाग स्थित शेपर्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर भी सर्वेक्षण किया। यह समूह सरकारी ठेकों, रेत और पत्थर खनन के कारोबार से जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान कंपनी के खातों में 7.26 करोड़ रुपये की लंबी अवधि से लंबित विविध देनदारियां पाई गईं। जब करदाता से इन लंबित देनदारियों के बारे में पूछा गया, तो उसने स्वीकार किया कि ये देनदारियां अब समाप्त हो चुकी हैं और इन्हें 'बट्टे खाते' में डालने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा, शेपर्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा किए गए कई खर्चों में विसंगतियां पाई गईं, जिनका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इस कारण से, 7.79 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय को अपुष्ट व्यय के रूप में स्वीकार किया गया। इस सर्वेक्षण में कुल 15.06 करोड़ रुपये की अघोषित आय का खुलासा हुआ, जिस पर करदाता ने अतिरिक्त कर चुकाने का वचन दिया है।

## युवाओं को हमारे महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेना चाहिए : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

### शिवाजी उद्यान साकेत नगर में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण




भोपाल (ए.)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि युवाओं को हमारे महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वर्तमान की युवा पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर बुधवार को परमवीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती पर गोविंदपुरा साकेत नगर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि दुनिया में कुछ ऐसी महान विभूति और व्यक्तित्व होते हैं, जो अपने श्रेष्ठ कर्मों से अपनी राष्ट्रभक्ति की छाप प्रत्येक जन मन पर छोड़कर जाते हैं और जिनके जाने के बाद भी वर्षों जमाना उनको याद करता है। भारतवर्ष के महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे भारतवर्ष की एक ऐसे ही महान विभूति थे। जिन्हें कुशल रणनीतिकार, दूरदर्शी शासक और पराक्रमी योद्धा के रूप में जाना जाता है।राज्य मंत्री श्री गौर ने कहा कि कहा कि छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने सनातन धर्म की ध्वजा को हाथ में लेकर लोगों के मन में अपने धर्म के प्रति अलख जगाने का काम किया। हम सबको अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति के जज्बा को अधिक मजबूत करना चाहिए। मातृभूमि से प्रेम करना सिखाना और देश प्रेम की भावना के साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाना, यही हमारी आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पार्षद जितेन्द्र शुक्ला, सुरेंद्र वाटिका, श्रीमती मोनिका ठाकुर, श्रीमती अर्चना परमार, नीरज सिंह, सुनील द्विवेदी, प्रताप वारे, नारायण सिंह परमार, रामबाबू पाटीदार, प्रताप सिंह बेस, आनंद पाठक, धर्मेंद्र पाटीदार, प्रदीप पाठक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 का चौथी बार शतकीय रिकार्ड

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) की 660 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने अपनी कमीशनिंग के बाद चौथी बार 100 दिनों तक लगातार बिजली उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। इस यूनिट ने 10 नवम्बर 2024 से 18 फरवरी तक 100 दिनों में 1423.52 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की ताप विद्युत यूनिट ने वर्ष 2024-25 में 13वीं बार 100 अथवा अधिक दिन तक अनवरत संचालित रहने का नया कीर्तिमान बनाया।

### चौथे शतकीय रिकॉर्ड में सबसे अधिक उत्पादन

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 3 द्वारा अपने चौथे शतकीय रिकार्ड में सबसे अधिक 1423.52 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया। इससे पूर्व इस यूनिट द्वारा 6 फरवरी 2022, 19 नवम्बर 2023 और 20 मार्च 2024 को लगातार 100 दिन तक बिजली उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया गया था।



### सभी मापदंड में सफल हुई यूनिट नंबर 3

660 मेगावॉट की यूनिट ने जब चौथी बार 100 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विद्युत उत्पादन के स्थापित विभिन्न मापदंड को पूर्ण करने में सफलता पायी। यूनिट नंबर 3 ने 94.78 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 89.87 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 5.89 फीसदी ऑक्जलरी कंजम्पशन व 0.199 मिलीलीटर प्रति यूनिट विशिष्ट तेल खपत की उपलब्धि हासिल की।

### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से सभी को गर्व महसूस हो रहा है। इस यूनिट के अभियंताओं व कार्मिकों ने मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रदर्शन सुधार अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने IISER संस्थान भोपाल में विचार मंथन सत्र में सहभागिता की।

## पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, सुरक्षा और आधारभूत संरचना विकसित करने टूरिज्म बोर्ड करेगा महत्वपूर्ण एमओयू

### - पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी एवं सुरक्षा होगी सुनिश्चित

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (GIS) में अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इंडिया हाईक्स, इंडिगो एयरलाइन्स, रेडबस, यूएन वुमन जैसी संस्थाओं के साथ पर्यटन गंतव्य स्थलों में महिला सुरक्षा, स्वच्छता के साथ ही पर्यटन सुविधाओं में विस्तार और कौशल विकास जैसे विषयों पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य को सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी के तहत संयुक्त राष्ट्र महिला संस्था (UN Women) के साथ होने वाले एमओयू का उद्देश्य महिलाओं के लिये पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करना है। इंडिया हाइक्स के साथ मिलकर प्रदेश में नई ट्रैकिंग रूट्स विकसित किए जायेगे। एक एमओयू REDBUS इंडिया प्राइवे लिमिटेड के साथ किया जाएगा, जिसके माध्यम से ओरछा में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट स्थापित की जाएगी। साथ ही INDIGO




एयरलाइंस के साथ मिलकर ग्वालियर के ऐतिहासिक किले पर पर्यटकों की सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा।

पर्यटन स्थल बनेंगे महिलाओं के प्रति संवेदनशील

'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल' जैसी पहल के तहत पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और संयुक्त राष्ट्र महिला संस्था (N Women) के बीच एमओयू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य में पर्यटन को अधिक समावेशी और महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस पहल में यूएन वुमन तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा और टूरिज्म बोर्ड की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के विकास एवं कार्यान्वयन में सहयोग देगा। पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, उद्यमिता को बढ़ावा देना और महिलाओं तक आर्थिक संसाधनों को उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य रहेगा। पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाना, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना और सकारात्मक सामाजिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना शामिल होगा।

ओरछा में महिलाओं के लिए बनेंगे 'पिंक टॉयलेट'

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और रेड्बस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड व जिला प्रशासन के साथ मिलकर ओरछा के कंचन घाट और सिटाडेल परिसर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट निर्मित किया जाएगा। 'रेड्बस' आधुनिक शौचालय के डिजाइन, निर्माण और स्थापना की जिम्मेदारी निभाएगा। ये टॉयलेट्स विशेष रूप से महिलाओं की सुविधा के लिए तैयार किए जाएंगे। रेड्बस तीन वर्षों तक इन टॉयलेट्स के रखरखाव करेगा। इसके साथ ही इंडिगो के साथ मिलकर टूरिज्म बोर्ड ग्वालियर के प्राचीन किले पर पर्यटन सुविधाओं में विस्तार और सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन करेगा।

## हाईकोर्ट ने जलकुंभी मामले की जांच के लिए बनाई तीन सदस्यीय कमेटी, आदित्य राज पांडे ने दायर की थी याचिका

शिवपुरी (आरएनएस)। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष यह मुद्दा उठाया था कि सांख्य सागर झील, जो माधव राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है और एक अंतरराष्ट्रीय महत्व की झील है, जिसका रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है, अब जलकुंभी की बढ़ती समस्या के कारण संकट में है।

## कलेक्टर के निर्देशन में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण सतत जारी

गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में आज औषधि निरीक्षक द्वारा विभिन्न मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमन मेडिकल ख्यावदा चौराहा, स्वास्तिक मेडिकल नयापुरा एवं कंचन मेडिकल एजेंसी, न्यू आदर्श कॉलोनी का निरीक्षण किया गया एवं कोकीन युक्त, नारकोटिक्स आदि दवाओं को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही बेचने निर्देश दिये गये। आज इस दौरान कंचन मेडिकल एजेंसी में दवाओं के नमूने लेकर दवाओं के क्रय-विक्रय का रिकार्ड का भी निरीक्षण किया गया।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएँ, मौके पर ही कई मामलों का किया निराकरण

गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और कई मामलों का तत्काल समाधान किया। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे, जिनमें राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, पेंशन, पात्रता पर्ची, अवैध अतिक्रमण, कब्जा प्रदान करने सहित अन्य विषयों से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख रहीं। आज इस दौरान विभिन्न आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित 178 आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिनके निर्धारित समयावधि में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिया आजीवन समर्पण निधि का लक्ष्य

देवास (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी से आजीवन समर्पण निधि अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देवास जिले के सभी मंडलों को निर्धारित समयावधि में अपना लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया, कि प्रतिवर्षानुसार जिले के सभी 25 मंडलों में कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से समर्पण निधि जुटाई जा रही है। मंगलवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने भाजपा के सातों मोर्चों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए। महिला मोर्चे को एक लाख 50 हजार, युवा मोर्चे को पांच लाख, पिछड़ा वर्ग मोर्चे को दो लाख 50 हजार और अनुसूचित जाति मोर्चे को भी दो 50 पचास हजार रुपये का लक्ष्य दिया गया। बैठक में तय किया गया कि मोर्चों द्वारा संग्रहित निधि संबंधित मंडलों के लक्ष्य में सम्मिलित की जाएगी।

इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पंकज वर्मा, राम सोनी, संजय दायमा, मनीष डांगी, जुगनू गोस्वामी, राखी झालानी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी और सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन में 6 नए ग्रिड तैयार होंगे



इन्दौर (आरएनएस)। प्रदेश शासन के आदेशानुसार सिंहस्थ 2028 के कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ किए जाना हैं। इसी के मद्देनजर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ज्योति नगर उज्जैन में महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को हुई। इसमें कंपनी के इंदौर मुख्यालय से निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार एवं मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया प्रमुख रूप से शामिल हुए। इसमें ट्रांसमिशन कंपनी से सामंजस्य स्थापित कर त्रिवेणी विहार और चिंतामण हासमपुरा नामक क्षेत्रों में 132 केवी ग्रिडों का कार्य प्रारंभ कराने और विद्युत वितरण कंपनी के चारधाम, नानाखेड़ा, सदावल और वाल्मीकि धाम में चार नए ग्रिडों का निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ करने पर विचार विमर्श हुआ। उज्जैन क्षेत्र के मुख्य अभियंता बी.एल. चौहान, अधीक्षण यंत्री पीएस चौहान, अधीक्षण यंत्री सिविल हिमांशु दुबे के साथ ही अन्य अधिकारी इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद थे। अधिकारियों ने विद्युत वितरण कंपनी के प्रस्तावित 33/11 केवी के ग्रिडों के लिए चिन्हित स्थानों का भी दौरा किया।

## इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जयपुर से वर्चुअली जुड़े।

इस दौरान विजयवर्गीय ने महापौरों से कहा कि- आप पारदर्शिता के साथ काम करें, यह हमारा बजट, यह हमारी आय है। आय के साधन बढ़ाएं पर लीकेज भी खत्म करें। अगर हम जांच करेंगे तो हमारी नगर निगम कठघरे में खड़ी होगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं चाहता हूं सिटी गवर्नमेंट बने। सरकार इसमें संकोच करती है, पर मैं नहीं। यदि ऐसा कोई प्रस्ताव आप बनाएंगे तो मैं सीएम से पास कराने का प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि आप अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन आपको यह भी तय करना होगा कि हम आत्मनिर्भर बनें, हम आर्थिक रूप से सक्षम बनें। इसके लिए हमें क्या-क्या कदम उठाने होंगे, यह सोचना चाहिए। हम टैक्स नहीं बढ़ाते, महंगे पानी को सस्ता देते हैं। आरक्षण के कारण आपको फिर से मौका नहीं मिलेगा, तो क्यों डरते हो? टैक्स लगाइए, थोड़ा साहस दिखाइए। विजयवर्गीय ने कहा- एक समय था जब हम कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दे पाते थे। मैंने 5 साल में दो बार टैक्स बढ़ाए। आज मुझे गर्व है कि इंदौर का बजट सबसे ज्यादा है। यह सब 2000 से शुरू हुआ था और आज भी पुष्यमित्र भार्गव इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

## यादव समाज के द्वारा किया गया गुजरात के समाज बन्धुओं का प्रयागराज जाने से पूर्व स्वागत

**-समाज की आवभगत पर समाज बन्धुओं ने जताया आभार, दिया द्वारका आने का निमंत्रण**

शिवपुरी (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले गुजरात प्रदेश के विभिन्न शहरों के यादव समाज बन्धुओं का जिला मुख्यालय शिवपुरी से गुजरते समय यादव समाज शिवपुरी के द्वारा आगवानी की गई और सभी दूर से आए समाजजनों का आत्मीय स्वागत स्थानीय श्रीखेड़ापति कॉलोनी परिसर में समाजसेवी महेश यादव, उपेन्द्र यादव के निज निवास पर किया गया। इस अवसर पर गुजरात प्रदेश के विभिन्न शहरों से एक श्रद्धालुओं से भरी हुई बस का आगमन बीती रात्रि को जब गुजरात प्रदेश के इन समाजजनों के आने की जानकारी यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव को लगी तो उनके निर्देशानुसार भतीजे उपेन्द्र यादव के द्वारा सभी बाहर से आए हुए समाज बन्धुओं के ठहरने की व्यवस्था शिव रिसोर्ट में की गई जबकि उनके गतंव्य महाकुंभ प्रयागराज की ओर जाने से पूर्व मंगलवार सुबह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

यहां गुजरात प्रदेश से आए समाज बन्धु बर्जांग भाईजी अहीर अध्यक्ष, गुजरात अहीर कन्या छात्रावास अहमदाबाद एवं मुरू भाई अहीर वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारका एवं ट्रस्टी गुजरात अहीर (यादव)भवन, द्वारका गुजरात सहित करीब 20 महिला-पुरूष श्रद्धालुजन शामिल रहे। सभी का जिला मुख्यालय आगमन पर स्वागत किया गया और स्वल्पाहार पश्चात भगवान श्रीराधा-कृष्ण पताका पहनाकर माल्यार्पण व तिलक करते हुए मंगल कामनाओं के साथ महाकुंभ प्रयागराज के लिए विदाई दी।



## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सेंधवा में निरीक्षण कर लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने

बड़वानी (आरएनएस)। कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर एवं सेंधवा एसडीएम आशीष के निर्देशन में मंगलवार खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति रावत, बीएस मोरी एवं राजस्व निरीक्षक कैलाश जमरे सेंधवा तहसील में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण की कार्यवाही की गई। सेंधवा में स्थित चौधरी ढाबा, श्यामराव पाटिल डेयरी, दयाल प्रोहविजन, आरके बेकरी एवं अग्रवाल स्वीट्स एंड नमकीन पर निरीक्षण कर डेयरी प्रोडक्ट्स, टोस्ट, खारी, स्वीट्स आदि के खाद्य नमूने एकत्रित किए गए साथ ही दुकानदारों को साफ सफाई, खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने एवं एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थ न रखने की समझाइए दी गई।

# सागर झील में बढ़ती जलकुंभी की समस्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने का निर्देश

ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने शिवपुरी स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान के सांख्य सागर झील में बढ़ती जलकुंभी की समस्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। इस मामले में याचिका आदित्य राज पांडे ने दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से युवा एडवोकेट और शिवपुरी निवासी निपुण सक्सेना ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष यह मुद्दा उठाया था कि सांख्य सागर झील, जो माधव राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है


और एक अंतरराष्ट्रीय महत्व की झील है, जिसका रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है, अब जलकुंभी की बढ़ती समस्या के कारण संकट में है। झील में जलकुंभी की सफाई न होने के कारण वन्य जीवों को भी नुकसान हो रहा है।याचिकाकर्ता ने मध्यप्रदेश सरकार, वन विभाग, शिवपुरी कलेक्टर और नगर पालिका को इस मामले में पक्षकार बनाया था और हाईकोर्ट से आवश्यक निर्देश देने की मांग की थी। इस पर प्रतिवादी पक्ष के वकील ने न्यायालय में यह तर्क रखा कि सांख्य सागर झील के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं और वाटर हार्वेस्टर का उपयोग किया जा रहा है।याचिकाकर्ता के वकील निपुण सक्सेना ने इस दावे का खंडन करते हुए न्यायालय के समक्ष यह दस्तावेज पेश किए कि झील में जलकुंभी का अत्यधिक प्रसार हो चुका है और यहां सफाई का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

## व्यापार समाचार

# वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात 1,80,000 करोड़ रुपये के होगा पार, पीएलआई योजना का दिखेगा असर

नई दिल्ली। औद्योगिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात से भारत 1,80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर पाएगा। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष (अप्रैल-जनवरी) के 10 महीनों में भारत, मोबाइल निर्यात में 1,50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें अकेले जनवरी में निर्यात 25,000 करोड़ रुपये से अधिक दर्ज हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में पीएलआई योजना की शुरुआत के बाद से 680 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है।

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में मोबाइल फोन निर्यात सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर है, जिसमें भारत के स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में अमेरिका का नाम सामने आया है। यह शानदार प्रदर्शन उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। पीएलआई योजना के शुभारंभ के बाद से, भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन 2,20,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,22,000 करोड़ रुपये तक



लगभग दोगुना हो गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।

वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन अनुमानित 5,10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है, जो वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति के रूप में भारत के उभरने को और मजबूत करेगा। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा, हम मजबूत सरकारी समर्थन और हमारे उद्योग की मजबूत क्षमता से प्रेरित होकर पर्याप्त पैमाने पर पहुंच गए हैं। आगे बढ़ते हुए, हम कॉम्पटीशन को बढ़ावा देने, पैमाने का विस्तार करने और अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

उन्होंने कहा कि अगले चरण में डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के लिए वैल्यू चेन के साथ इंटीग्रेशन शामिल होगा, जो हमें भारत के महत्वाकांक्षी 500 बिलियन डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण लक्ष्य को प्राप्त करने और वैश्विक स्तर पर स्मार्टफोन का सबसे बड़ा निर्यातक बनने के हमारे दृष्टिकोण की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि एक सक्रिय सरकार और एक ऐसे उद्योग के बीच तालमेलपूर्ण साझेदारी का परिणाम है, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन का उत्पादन कर लगातार अपनी योग्यता साबित की है।

स्मार्टफोन अब इतिहास में पहली बार भारत की शीर्ष निर्यात वस्तु बनने के लिए तैयार हैं ङ्क हमारी स्वतंत्र विनिर्माण क्षमताओं में अभूतपूर्व बदलाव का प्रमाण। मोहिंद्रू ने कहा, हम आत्मसंतुष्ट होने का जोखिम नहीं उठा सकते, हमारी यात्रा अभी शुरू ही हुई है।

## 2030 तक कपड़ा निर्यात को तीन गुना बढ़ाना भारत का लक्ष्य : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ए) । केंद्र सरकार का कहना है कि भारत का कपड़ा निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी के साथ घरेलू विनिर्माण को मजबूत कर और वैश्विक पहुंच का विस्तार कर 2030 तक इसे तीन गुना बढ़ाकर 9 लाख करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत वैश्विक स्तर पर कपड़ा निर्यात करने वाला छठा सबसे बड़ा देश है, जिसने 2023-24 में देश के कुल निर्यात में 8.21 प्रतिशत का योगदान दिया।

कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 4.5 प्रतिशत है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात का 47 प्रतिशत हिस्सा है। राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में हुए 'भारत टेक्स 2025' ने सरकार के फार्म से फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन मार्केट विजन को गति देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम ने कपड़ा क्षेत्र में भारत के नेतृत्व, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और वैश्विक सहयोग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

14 से 17 फरवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में 2.2 मिलियन वर्ग फीट का क्षेत्र शामिल था और इसमें 5,000 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिससे भारत के टेक्सटाइल इकोसिस्टम का बड़े लेवल पर प्रदर्शन हुआ। मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक सीईओ, पॉलिसी मेकर और इंडस्ट्री लीडर्स सहित 120 से अधिक देशों के 1,20,000 से ज्यादा ट्रेड विजिटर्स इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

सरकार ने कहा, रोजगार के दृष्टिकोण से, कपड़ा उद्योग 45 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और अप्रत्यक्ष रूप से 100 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की आजीविका का समर्थन करता है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण श्रमिक शामिल हैं। कपड़ा विनिर्माण को बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, इनोवेशन को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी को एडवांस करने पर सरकार के फोकस ने वैश्विक कपड़ा केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है।

भारत दुनिया के सबसे बड़े कपड़ा उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। इस क्षेत्र की विशेषता बड़े पैमाने पर औद्योगिक विनिर्माण और छोटे पैमाने पर कारीगर उत्पादन का मिश्रण है, जो इनोवेशन और परंपरा की जीवंतता को दर्शाता है।

## एआई की रेस में एलन मस्क ने भी रखा कदम, लॉन्च किया दुनिया का सबसे पावरफुल एआई ग्रोक- 3

नई दिल्ली (ए) । दुनिया के सबसे अमीर शख्स और अमेरिका के बड़े कारोबारी एलन मस्क ने नया एआई चैटबॉट त्रह्म्श्व्र 3 लॉन्च कर दिया है। एलन मस्क ने इसे दुनिया का सबसे स्मार्ट एआई बताया है। बता दें कि त्रह्म्श्व्र 3 का सीधा मुकाबला चाइनीज DeepSeek ¥õÚU ChatGPT से होगा।

एलन मस्क एआई चैटबॉट Grok 3

एलन मस्क ने हाल ही में एक्स पर पोस्ट करते हुए Grok 3 के लॉन्च होने की घोषणा की थी, जिसके बाद अब एलन मस्क द्वारा नया एआई चैटबॉट Grok 3 लॉन्च कर दिया गया है। एआई चैटबॉट Grok 3 का इस्तेमाल पहले केवल एक्स के प्रीमियम यूजर्स कर पाएंगे। इसके लिए यूजर्स को एक्स को अपडेट करना होगा। इसके अलावा एआई चैटबॉट Grok 3 के इस्तेमाल के लिए अलग से सब्सक्रिप्शन लॉन्च भी किए जाएंगे। दावा किया जा रहा है कि एआई चैटबॉट Grok 3 अबतक का सबसे स्मार्ट एआई होने वाला है, जिसे एक लाख Nvidia GPU की मदद से ट्रेनिंग दी गई है। एलन मस्क ने बताया कि Grok x AI में वॉइस इंटरैक्शन फीचर पर काम किया जा रहा है, जिससे रियल टाइम बातचीत के लिए भी एक टूल मिलेगा। इस एआई के कई फीचर्स पर अभी काम किया जा रहा है।मस्क ने यह भी बताया कि कंपनी ने अपने चैटबॉट का नाम 'Grok' क्यों रखा। उन्होंने कहा, यह शब्द रॉबर्ट हेनलेन के उपन्यास 'स्ट्रेंजर इन अ स्ट्रेंज लैंड' से लिया गया है। इसमें यह शब्द मंगल ग्रह पर पले-बढ़े एक पात्र द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, जिसका मतलब होता है किसी चीज़ को पूरी तरह से और गहराई से समझना। डेमो इवेंट में करीब 1 लाख लोग शामिल हुए। &AI ने बेंचमार्क दिखाए, जिसमें ग्रोक 3 ने विज्ञान, कोडिंग और गणित में जेमिनी 2 प्रो, डीपसीक वी3 और चैटG-PT को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने आगे कहा कि 'ग्रोक' शब्द गहरी समझ को दर्शाता है और सहानुभूति इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपको बता दें कि एलन मस्क का यह एआई चैटबॉट Grok 3 केवल 8 महीनों में तैयार किया गया है। इसे सिंथेटिक डेटाशीट पर मशीन लर्निंग टेक्निक जैसे रिइंफोर्समेंट लर्निंग की मदद से ट्रेनिंग दी गई है।

# एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान लॉन्च, एक बार इन्वेस्ट पूरी जिंदगी करो ऐश




नई दिल्ली,(ए)। एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान वित्त मंत्रालय के सचिव एम. नागराजू और एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने लॉन्च किया। यह एक सिंगल प्रीमियम, इमीडिएट पेंशन प्लान है, जिसमें गारंटीड पेंशन मिलती रहेगी। एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान आपके भविष्य को सुरक्षित करने का बेहतरीन प्लान है। इस प्लान में आप एक बार निवेश करें और जिंदगीभर पेंशन पाएं। इसमें सिंगल लाइफ और जॉइंट लाइफ एन्युइटी ऑप्शन उपलब्ध हैं, जिसे 18 से 100 साल की उम्र तक कोई भी खरीद सकता है।खास बात यह है कि एलआइसी के मौजूदा ग्राहकों और नॉमिनी को ज्यादा रिटर्न का फायदा मिलेगा। आप 1,00,000 से निवेश शुरू कर सकते हैं और ज्यादा रकम लगाने पर ज्यादा फायदा मिलेगा। पेंशन का भुगतान मासिक, तिमाही, छमाही या सालाना लिया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर आप आंशिक या पूरी राशि निकाल सकते हैं। एनपीएस सब्सक्राइबर्स के लिए यह प्लान खास रूप से फायदेमंद है और दिव्यांगजन के लिए भी इसमें विशेष प्रावधान हैं। इस प्लान में 3 महीने बाद लोन लेने की सुविधा भी है, जिससे यह एक परफेक्ट रिटायरमेंट प्लान बन जाता है। अगर पॉलिसीधारक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके चुने गए विकल्प के मुताबिक पैसा दिया जाएगा। परिवार चाहे तो एकमुश्त पूरी रकम ले सकता है या फिर मासिक पेंशन जारी रख सकता है। इसके अलावा किस्तों में पैसा मिलने का विकल्प भी है, जिससे समय-समय पर रकम मिलती रहे।

### शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर सके मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के वाहन और दवा आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा से भी बाजार पर दबाव आया है। इस घोषणा के बाद से ही दवा और आईटी शेयर टूटने लगे। इससे वित्तीय शेयरों में आई तेजी भी बाजार को संभाल नहीं पायी। ट्रंप ने सेमीकंडक्टर चिप पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है।दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 28.21 अंक करीब 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ ही 75,939.18 पर बंद हुआ।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबल बुधवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 86.88 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया 29 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.57 रुपये पर खुला। वहीं गत दिवस मंगलवार को रुपया 86.96 रुपये पर बंद हुआ था। गत दिवस अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नीचे आकर 86.96 पर आ गया। यह गिरावट विदेशी कोषों की लगातार निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के चलते आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर/रुपये की जोड़ी के लिए नकारात्मक रुझान है, क्योंकि विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली जारी रखे हुए हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का समर्थन धीरे-धीरे कम हो रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 86.94 पर खुला और फिर गिरकर 86.96 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे कमजोर होकर 86.88 पर बंद हुआ था।

## एप्पल लॉन्च करने जा रहा अपना किफायती फोन, ये होंगे खास फीचर

नई दिल्ली (ए) । एप्पल इस साल अपने पहले बड़े प्रोडक्ट लॉन्च की तैयारी में है। टेक जगत की निगाहें इस इवेंट पर टिकी हुई हैं। एप्पल शुक्रवार को ग्लोबल लेवल पर एक खास इवेंट में अपना किफायती फोन आईफोन एसई 4 को पेश कर सकता है।

हालांकि, एप्पल ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन इंडस्ट्री रिपोर्ट्स और लीक की मानें तो यह नया बजट आईफोन मॉडल इस इवेंट का मुख्य आकर्षण होगा। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कुछ दिन पहले 19 फरवरी को एक खास इवेंट की घोषणा की थी, जो सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार 11:30 बजे) से शुरू होगा। इस लॉन्च इवेंट को एप्पल पार्क, क्यूपर्टिनो, कैलिफोर्निया से लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, जिसे यूजर्स एप्पल की ऑफिशियल वेबसाइट, यूट्यूब और एप्पल टीवी पर देख सकते हैं। इस इवेंट में मैकबुक एयर एम4 के लॉन्च की भी संभावना जताई जा रही है। आईफोन एसई 4 अपने डिजाइन और फीचर्स में बड़े बदलाव के साथ आ सकता है। इसमें पहली बार फेस आईडी दिया जाएगा, जो अब तक एसई सीरीज में नहीं था। डिजाइन की बात करें तो यह आईफोन 14 की तरह नॉच डिस्प्ले के साथ आएगा, जिससे इसका लुक पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा।

# सम्पादकीय


अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## यूका के कचरे का क्या होगा ?

यूनियन कार्बाइड जिसके हादसे से हजारों लोगों की जान गई आज तक पूर्नावास, इलाज, मुआवजे पर उचित कार्यवाही और न्याय लोगों को नहीं मिल सका आज भी पीढ़ित लोग हैरान परेशान है, वहाँ से निकला कचरा मुसीबत बना हुआ है, कोर्ट के आदेश के बाद पीथमपुर में कचरे का निपटान जनता के विरोध की वजह से नहीं हो पा रहा है सुप्रीम कोर्ट में याचिका की सुनवाई 24 फरवरी को होना है, याचिका की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि कचरा पीथमपुर में ही क्यों जलाना है, अगली सुनवाई 24 फरवरी को है, इधर मंगलवार को हाईकोर्ट ने यूका के 337 टन जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाने के आदेश दिये साथ ही कचरे के ट्रायल रन की अनुमति दी, हाईकोर्ट ने सरकार से यह भी कहा कचरे के निपटान में रोक नहीं है कचरा पहुंच गया है पहले चरण में 27 फरवरी को 10 टन कचरा जलेगा। फिर नियमित अंतराल में दो और 10-10 टन के ट्रायल रन होंगे। पर्यावरणीय रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश होगी। उसके विश्लेषण के बाद निर्णय होगा। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने आदेश में कहा, टेस्टिंग रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को भेजें। रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लें कि कचरे को कितनी मात्रा में और कितने समय अंतराल में नष्ट किया जाए।

### फिर देरी क्यों ?

इसके सबके चलते जनता बराबर कह रही है कि इसके निपटान से पानी जहरीला होगा और हम यह नहीं होने देंगे इधर हाईकोर्ट निपटान की बात कर रहा है उधर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 24 फरवरी को है मामला अधर में लटका हुआ है अब देखना यह है कि जीत सरकार की होती है या जनता की आखिर यूका कचरे का क्या होगा ? यह प्रश्न खड़ा हुआ है।



नई दिल्ली में नवनिर्मित आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज का एक दृश्य.

# वैश्विक स्तर पर मोदी और प्रादेशिक फलक पर डंका बजाते मोहन

**अरुण पटेल**

एक ओर जहां अमेरिका सहित वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है तो वहीं प्रदेश के फलक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को पक्का भरोसा है कि उद्योगों के प्रति मित्रवत नीति एवं नवाचार से प्रदेश में निवेश के विस्तार को पंख लग जायेंगे और यह एक नया औद्योगिक हब बनेगा। अभी तक मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक राजधानी के रुप में इंदौर तथा संस्कारधानी के रुप में जबलपुर की पहचान थी, अब औद्योगिक राजधानी के रुप में ताल-तलैयों व शैल-शिखरों की नगरी भोपाल को भी एक नई पहचान मिलने जा रही है। इन प्रयासों को जमीनी धरातल पर उतारने में डॉ. यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में बड़े ही गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई और न केवल दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया बल्कि ट्रम्प ने यह भी माना कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस किया है। टेरिफ मामले को लेकर मोदी की प्रशंसा प् करते हुए उन्होंने मोदी को एक टफ नेगोशिएटर निरुपित किया। इस अवसर हुई बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी रणनीति के साथ ही साथ ऊर्जा साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत धरातल पर उतारने के मामले में अपनी सहमति जताई। अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया है और दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण को रोकने, खुफिया जानकारी



साझा करने, वैश्विक आतंकवाद को राकने में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रम्प का कहना था कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। इससे भारतीय प्रवासियों को कांसुलर सेवाओं का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे।

**अडानी मामले में मोदी-राहुल आमने-सामने**

अमेरिका में अडानी समूह को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी ने जो उत्तर दिया उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी और विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया। जब मित्र की जेब भरना मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है तब रिश्वतखोरी और देश की सम्पत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका में जब मीडिया के सामने ट्रम्प और मोदी रुबरु हो रहे थे उस समय अडानी समूह को लेकर अमेरिका में चल रहे विवाद पर सवाल किया गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ कारोबारी गौतम अडानी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई है, तब मोदी का उत्तर था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है, दुनिया को हम एक परिवार मानते हैं, हर भारतीय को भी मैं अपना मानता हूं, ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं न बैठते हैं न बात करते हैं।

**न्यायिक अकादमी में धनखड़**

न्यायिक अकादमी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने साफतौर पर कहा कि हम एक सम्प्रभु राष्ट्र हैं, हमारी सम्प्रभुता लोगों में निहित है। लोगों द्वारा दिया गया संविधान इस सम्प्रभुता को अभेद्य बनाता है। किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को कैसे शामिल कर सकते हैं, हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिये। क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया कि उस समयझ की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। धनखड़ का कहना था कि हमारा संविधान सामंजस्य और सहकारी दृष्टिकोण की कल्पना करता है, न्यायिक सम्मान और विनम्रता यह मांग करती है कि ये संस्थाएं परिभा.

-लेखक सुबह सवेरे के प्रबंध संपादक हैं

## -भवानी प्रसाद मिश्र पुण्यतिथि पर विशेष-

# स्वाधीनता की लड़ाई में कविवर भवानी प्रसाद मिश्र का रहा है विशेष योगदान

**बलराम शर्मा**

स्वाधीनता की लड़ाई में नर्मदापुरम होशंगाबाद का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर पहरी के रूप में भवानी प्रसाद मिश्र का नाम भी प्रमुखता से शामिल हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से काफी प्रभावित होने के कारण गांधीवादी कवियों में भवानी प्रसाद मिश्र प्रमुख हैं। महात्मागांधी के भारतछोड़ो आंदोलन में भवानी प्रसाद मिश्र को 1942 में जेल जाना पड़ा। जहां वे 2 वर्ष 8 माह 8 दिन तक जेल में रहे। तब उनके बच्चे छोटे थे। लेकिन उन्होंने देश प्रेम को सर्वोपरी माना। जेल में भी अनेक काव्य रचनाएं की। 1945 में जेल से छूटे थे। अपने कारावास के दिनों में ही बंगला भाषा सीखकर गुरूदेव रविंद्र नाथ टैगोर की रचनाओं का अध्ययन किया। भवानी प्रसाद मिश्र ने अपने अनुभवों का प्रयोग करके जिंदगी की व्यापकता को कविता में उतार कर रखा है। अभिव्यक्ति के इस यथार्थ प्रयोग के कारण ही उनके काव्य संसार को कविता में जिंदगी और जिंदगी में कविता के रूप देखा जा सकता है। सात-सात बार मौत से लड़े वैसे ही आजादी के पहले गुलामी से लड़े और आजादी के बाद तानाशाही से भी लड़े। आपातकाल के दौरान नियम पूर्वक सुबह-दोपहर-शाम तीनों वेलाओं में उन्होंने कवितायें लिखी जिसे त्रिकाल सन्ध्या नाम दिया गया। भवानी दादा की कविताओं में अंधेरी रात, असंदिग्ध एक उजाला, आमीन गुलाब पर ऐसा वक्त कभी ना आये, आषाढ़ का पहला दिन, चाँदनी से तरबतर, चार कौए उर्फ चार हौए, तार के खंभे, आसमान खुद, कमल के फूल, कुछ सूखे फूलों के, कोई सागर नहीं,तारों से भरा आसमान उपर, धरती का पहला प्रेमी, धुँधला है चन्द्रमा, पानी वर्षा री, बह नहीं रहे होंगे, बुनी हुई रस्सी, बूँद टपकी नभ से, यह कर्जे की चादर जितनी ओढ़ो उतनी कड़ी शीत हैए, सुबह हो गई, सूरज का गोला, सागर से मिलकर, हँसी आ रही है। उन्होंने जो सुरम्य चित्र अपनी कविता में खींचे वह तो अलग है ही परन्तु उनकी सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकृतिपरक रचना सतपुड़ा के जंगल, में कुछ अलग ही विशेषता



है। तभी तो इसे पाठयक्रम में शामिल किया गया था। नई कविता में छायावादी प्रकृति काव्य की यह कविता है। उनकी अनेक रचनाओं पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वे प्राकृतिक वातावरण के ईर्द गिर्द ज्यादा रहे हैं। उनके प्रमुख विषय भी प्रकृति आधारित हैं। लेकिन वे सिर्फ प्रकृति चित्रण पर ही लिखते रहे ऐसा भी नहीं है। उन्होंने समाज,देश व परिस्थितियों को भी अच्छे से उकेरा है।

दादा ने आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान अपनी कलम के माध्यम से दिया है। स्वयं भी जेल गए। जेल में कविताएं लिखी तृकाल संध्या में तो उन्होंने जेल में ही तीन बार कविता लिखने का रिकार्ड बनाया है। सीधी सरल भाषा में लिखने वाले भवानी दादा विरले ही कवि रहे हैं। छायावाद के गीतात्मकता और नई कविता के यर्थाथ का संयोग कर उन्होंने अपनी कविता में प्रकृति के नए-नए रंग भरे हैं। दूसरा सप्तक में संकलित बूँद टपकी एक नभ से में प्रकृति की कोमलता और उसके भाव. सौन्दर्य को देखा जा सकता है।

**भवानी दादा के नाम पर हो स्कूल का नाम**

भवानी दादा का नाम देश के उत्कृष्ट साहित्यकारों में आता है। उन्होंने उत्कृष्ट स्कूल जिसे उनके समय में गवर्मेट स्कूल कहा जाता था। इस स्कूल में उन्होंने अध्ययन किया है। आज भी यह शाला उत्कृष्ट विद्यार्थियों की शाला है। भवानी दादा के नाम पर स्कूल का नाम होना चाहिए।

**शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, वरष्ठि साहित्कार**

**उनके नाम से प्रेरणा मिलेगी**


नपा ने एक अच्छा प्रयास किया है कि भवानी प्रसाद मिश्र के नाम किले के पास भवानी उद्यान बनाया है। इसी के किले पास बैठकर उन्होंने सन्नाटा नामक कविता की रचना की थी। उनके नाम से स्कूल का नाम करने में कोई खर्च तो होना नहीं है इसलिए भवानी प्रसाद विद्यालय होना चाहिए।

**पं गिरि मोहन गुरू नगर श्री,वरिष्ठ साहित्कार**

**मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नहीं हुआ**

वर्ष 2003 में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 29 मार्च को इस स्कूल में भवानी दादा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पर आए थे। उस दिन उन्होंने स्कूल का नाम भवानी प्रसाद मिश्र के नाम पर घोषणा की थी लेकिन विडम्बना है कि स्कूल नाम उनके नाम पर नहीं हो सका।

**खेमचंद यादवेश वरिष्ठ साहित्यकार**




मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा। एजुकेशन फ़ील्ड में बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स आपका पूरा सहयोग करेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए आपकी मेहनत सफल रहेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।

कर्क राशि : आज का दिन महत्त्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कॉलेज प्रोजेक्ट पूरा करने में सफलता मिलेगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नए कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्या राशि: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।

तुला राशि : आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनो से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में सफल होंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें।

धनु राशि : आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में नई नई खुशियां आएंगी।

मकर राशि : आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर आज उनके मन पसंद जगह पर होगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे।

मीन राशि : आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

# भारत की कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) क्षेत्र की सफलताः किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं।

मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के ज़रिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं।

आइए एक नज़र डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है:

इंडियाएआई मिशन: एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका

भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है।

एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 1०० जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।

जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार

इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है।

मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है।

मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी।

इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है।

सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं। जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना

डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। झ इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा।

एआई उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना

वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधनयुक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई।

शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है। सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग-संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

भारत के आधारभूत वृहद भाषा मॉडल

भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआई मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआई उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआई ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है।

डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज़-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है। भारतजेन, एक जनरेटिव एआई है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न आधारभूत मॉडलों का एक समूह विकसित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है।





# हरियाणा में भारी बारिश : कई जिलों में अलर्ट

चंडीगढ़ , (आरएनएस)। हरियाणा में एक बार फिर मौसम बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है, जबकि कुछ इलाकों में अभी भी बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, झज्जर, रोहतक, करनाल, पानीपत, यमुनानगर, अंबाला और पंचकूला समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है। इन इलाकों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है।

बारिश से बदला मौसम, लोगों को मिली राहत

भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है। अधिकतम तापमान 28-32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 18-22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।



किसानों के लिए अच्छी खबर

हरियाणा के किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। खासकर रबी की फसलों के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इससे गेहूं और सरसों की फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी, जिससे पैदावार बेहतर होने की संभावना है। हालांकि, कुछ जगहों पर ओलावृष्टि और तेज हवाओं से नुकसान भी हो सकता है।

यातायात और जन जीवन पर असर

बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की समस्या देखने को मिल सकती है। सड़कों पर फिसलन बढ़ने से यातायात भी प्रभावित हो सकता है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे इलाकों में ट्रैफिक जाम की संभावना है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग की सलाह

बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा करने से बचें। बिजली गिरने की स्थिति में खुली जगहों पर जाने से बचें। वाहन चलाते समय सावधान रहें, खासकर हाईवे और फिसलन भरी सड़कों पर।किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

## सपा नेता आजम खां का बेटा 16 माह बाद आएगा जेल से बाहर, मिली जमानत

रामपुर (आरएनएस)। सपा नेता आजम खां के बेटे एवं 16 महीने से जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को आज जमानत दे दी गई। करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड जमानती भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी।

अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। आज उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं।अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे। अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी।जुबैर अहमद ने बताया कि करीब 45 मुकदमों में जमानती बांड भरे जाएंगे। अदालत द्वारा उनको स्वीकार करने के बाद अब्दुल्ला की रिहाई होगी।

## झारखंड में भीषण सड़क हादसा, स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई टक्कर में 6 की मौत

गिरिडीह (आरएनएस)। झारखंड के गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। गिरिडीह-डुमरी रोड पर यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, लेकिन इसकी जानकारी लोगों को बुधवार को हुई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से शवों को बरामद किया। मृतकों में स्कॉर्पियो पर सवार चार और बाइक से जा रहे दो लोग शामिल हैं। बाइक सवार दो मृतकों की पहचान गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत धावाटांड़ निवासी हुसैनी मियां और छछंदो गांव निवासी बबलू कुमार टुडू के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो पर सवार जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें बिहार के मुंगेर के दरियापुर निवासी सोमेश चंद्रा, गोपाल कुमार और गिरिडीह के इसरी बाजार निवासी गुलाब कुमार शामिल हैं। एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा लटकट्ठा पिकेट के पास हुआ। स्कॉर्पियो गिरिडीह से डुमरी की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सवार पारसनाथ रेलवे स्टेशन से गिरिडीह की ओर जा रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों वाहन काफी तेज रफ्तार में रहे होंगे। रात में इस सड़क पर वाहनों का कम आवागमन होता है। इस वजह से हादसे के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त लोगों को किसी तरह की मदद नहीं मिल पाई। पुलिस ने गिरिडीह सदर हॉस्पिटल में सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

ज्ञात हो कि इसी साल की शुरुआत में 4 जनवरी को झारखंड में दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि छह लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। तब दासोरायडीह गांव के पास एक ट्रक ने यात्रियों से भरे ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। झारखंड में 31 दिसंबर से लेकर 4 जनवरी तक तक अलग-अलग सड़क हादसों में 30 लोगों की मौत हो चुकी थी।

## उत्तराखंड में सख्त भू-कानून के प्रस्ताव को मंजूरी, संशोधन विधेयक पर कैबिनेट ने लगाई मुहर

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने बुधवार को भू-कानून को मंजूरी दे दी। प्रदेश में इस कानून की मांग लंबे समय से उठ रही थी। जानकारी के अनुसार, धामी सरकार ने इस कानून को बजट सत्र में पेश करने का निर्णय लिया है, ताकि इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राज्य, संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक हमारी सरकार! उन्होंने आगे कहा, प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरा तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम ने कहा, हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नये भू-कानून के तहत उत्तराखंड में अन्य राज्यों के लोगों के जमीन खरीदने पर कुछ सख्त प्रावधान किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी कुछ प्रतिबंध लागू किए जा सकते हैं।



उत्तर प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने महाकुंभ मेले के दौरे के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गुलदस्ता भेंट किया।

## ज्ञानेश कुमार ने संभाला मुख्य चुनाव आयुक्त का पद, जनवरी 2029 तक रहेगा कार्यकाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद सीईसी ने युवा मतदाताओं से खास अपील की। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी मतदान है, इसलिए जो 18 साल की आयु पार कर चुका है, उसे मतदान करना चाहिए। भारत का चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था और हमेशा रहेगा।

बता दें कि 17 फरवरी को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया। कानून मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर जानकारी दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की चयन समिति ने इस संबंध में दिल्ली में बैठक की थी, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के उत्तराधिकारी के तौर पर ज्ञानेश कुमार को चुना गया।वहीं, हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी को ज्ञानेश कुमार की पदोन्नति के बाद



चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किए गए सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे। केरल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार तीन सदस्यीय पैनल के दो आयुक्तों में से वरिष्ठ हैं, जिसका नेतृत्व राजीव कुमार ने किया था। पैनल के दूसरे आयुक्त उत्तराखंड कैडर के अधिकारी सुखबीर सिंह संधू हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 केरल कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से हिमाचल में तेजी से बढ़ेगा बुनियादी ढांचा : रवनीत सिंह बिट्टू

शिमला (आरएनएस)। केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मोदी सरकार का बजट 2024-25 हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश की जनता के लिए समर्पित है। यह बजट गरीबों, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, और यह बजट राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए लगातार सक्रिय हैं और प्रदेश का मार्गदर्शन कर रहे हैं। चाहे महंगाई का मुद्दा हो, अधूरे पड़े विकास कार्य हों या जनता से जुड़े अन्य विषय, भाजपा ने हमेशा जनहित के मुद्दों को जोर-शोर से उठाया है और आगे भी उठाती रहेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को इस बजट में 11,806 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान दिया गया है, जिससे राज्य की अधोसंरचना, परिवहन, जल आपूर्ति, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। वर्ष 2014 से 2024 तक मोदी सरकार ने हिमाचल को 54,662 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है, जो प्रदेश के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार हिमाचल में रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 2,716 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस राशि से चार बड़े रेल प्रोजेक्ट, जिनकी कुल लागत 13,168 करोड़ रुपये है, को पूरा किया जाएगा। साथ ही,कालका-शिमला वर्ल्ड हेरिटेज रेलवे को और आकर्षक बनाने के लिए विस्टा डोम कोच की सुविधा दी जाएगी, जिससे हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।बिलासपुर-लेह रेल लाइन, चंडीगढ़-मनाली-लेह रेल प्रोजेक्ट को भी गति मिलेगी। हालांकि, हिमाचल सरकार अपने हिस्से की 660 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं कर रही, जिससे कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अटकी हुई हैं। भाजपा मांग करती है कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द अपना वित्तीय योगदान दे, ताकि रेलवे प्रोजेक्ट्स में कोई रुकावट न आए।

केंद्र सरकार की अन्य प्रमुख योजनाएं, जिनसे हिमाचल को लाभ मिलेगा जल जीवन मिशन - 67,000 करोड़ रुपये की योजना, जिससे 15.42 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना - 78,128 करोड़ रुपये, जिससे 3.45 करोड़ गरीब परिवारों को आवास मिलेगा। गरीब कल्याण योजना - 30.6 करोड़ असंगठित श्रमिकों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन, दुर्घटना में मृत्यु पर 2 लाख रुपये की सहायता।

## राजस्थान बजट 2025 : सरकारी विभागों में 1.25 लाख व निजी क्षेत्र में 1.5 लाख नौकरियों की घोषणा

जयपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार के 2025 के बजट में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने युवा उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए कई अहम योजनाओं का ऐलान किया गया है। इन पहलों से प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर और उद्यमिता क्षेत्र में सफलता हासिल करने के अवसर मिलेंगे।युवाओं के लिए रोजगार की बंपर भर्तीअगले वित्तीय वर्ष में सरकारी विभागों और उपक्रमों में 1.25 लाख पदों पर भर्ती होगी। निजी क्षेत्र में 1.5 लाख नौकरी दिलवाई जाएंगी। रोजगार मेलों का आयोजन और स्थानीय रोजगार को प्राथमिकता दी जाएगी।स्टार्टअप और उद्यमिता को मिलेगी नई ताकत25 हजार महिला और एससी-एसटी उद्यमियों को लाभ देने के लिए 'स्कीम फॉर फर्स्ट टाइम एंटरप्रेन्योर' शुरू की जाएगी।2 करोड़ तक के लोन पर 8 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और 5 लाख तक की मार्जिन मनी का प्रावधान किया जाएगा। कौशल विकास और प्रशिक्षण50 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।1500 स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब और कोटा में विश्वकर्मा स्किल इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। सभी कॉलेजों में नशा मुक्ति केंद्र शुरू होंगे।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर पीएम मोदी ने किया नमन, बताया प्रेरणास्रोत

नई दिल्ली (आरएनएस)। मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया।

पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, तथा कई पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वे हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण करते दिख रहे हैं।

पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। हमारे लिए, हमारे आराध्य देव से बढ़ कुछ नहीं होता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्यायप्रियता ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। हमें इस बात का गर्व है कि दुनिया के कई देशों में आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियों की चर्चा होती है और उस पर शोध होता है। इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी करनी है। यह यात्रा होगी छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का भारत बनाने में। यह यात्रा होगी स्वराज, सुशासन और आत्मनिर्भरता की। यह यात्रा होगी विकसित भारत की। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं।गौरतलब है कि शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और मुगल शासकों के खिलाफ वीरता पूर्वक युद्ध लड़े। उनकी शौर्यगाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखी गई है। हर मराठा उनके नाम को गर्व से याद करता है। उनकी वीरता न केवल महाराष्ट्र में, बल्कि पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत मानी जाती है। शिवाजी महाराज एक कुशल प्रशासक, साहसी योद्धा और सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की नींव रखकर मुगलों को परास्त करने का संकल्प लिया।

# महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहना भारतीय संस्कृति को मानने वालों हिंदुओं का अपमान : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ममता बनर्जी द्वारा महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। मौर्य ने कहा कि चाहे वह ममता बनर्जी हों या फिर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, महाकुंभ के सफल आयोजन से इन लोगों को चिढ़ हो रही है। इन नेताओं को केवल मुस्लिम तुष्टिकरण से संबंधित कार्यों में ही रुचि है और महाकुंभ जैसे भारतीय संस्कृति के प्रतीक आयोजन को नकारात्मक तरीके से पेश करना मुख्य उद्देश्य है।

ममता बनर्जी द्वारा महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहे जाने पर मौर्य ने कहा कि महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहना भारतीय संस्कृति को मानने वाले करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। इस अपमान का जवाब जरूर मिलेगा, लेकिन ममता बनर्जी और अखिलेश यादव को महाकुंभ पर बार-बार सवाल उठाने के लिए तत्काल क्षमा मांगनी चाहिए।

केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के उस एक्स पोस्ट पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा असंसदीय भाषा के उपयोग करने की बात कही थी। मौर्य ने इस पर कहा कि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के लोग अगर ज्ञान न दें तो अच्छा होगा। जिस प्रकार से प्रदेश की सेवा हो रही है और आम जनता खुशी से झूम रही है, यह समाजवादी पार्टी को हजम नहीं हो रहा है। उनका हाजमा खराब हो गया है। कुंभ की सफलता से वह विक्षिप्त अवस्था में पहुंच गए हैं।

मौर्य ने आगे कहा कि कुंभ इतना सफल हुआ है कि आपको इसे स्वीकार करना चाहिए। आप यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हैं, यहां के सांसद हैं और एक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन क्योंकि उनकी तुष्टिकरण की राजनीति में कुंभ की सफलता नहीं समाती, इसलिए वह ऐसी बातें करते हैं।

केशव प्रसाद मौर्य ने ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खड़गे को भी निशाने पर लिया, जो कुंभ के विरोध में लगातार बयान दे रहे हैं। मौर्य का कहना था कि ये नेता अपनी पार्टी को रसातल की ओर ले जा रहे हैं, और उनकी राजनीति केवल नफरत फैलाने और तुष्टिकरण पर आधारित है।बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए महाकुंभ को मृत्यु कुंभ की संज्ञा दी थी, जिसको लेकर बवाल देखने को मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस धार्मिक आयोजन में वीवीआईपी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, जबकि गरीब और सामान्य श्रद्धालु इन सुविधाओं से वंचित हैं।

## लखनऊ में पकड़ी गई फर्जी टीटीई, गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर फर्जी महिला टीटीई पकड़ी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने महिला का आईकार्ड चेक किया, जो कि फर्जी पाया गया। इसके बाद चारबाग जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

चारबाग स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान रेलवे द्वारा सूचना मिली कि एक महिला टीटीई के परिधान में यात्रियों के टिकट चेक कर रही है। जीआरपी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिला का आईडी कार्ड चेक किया। महिला संदिग्ध होने पर स्टेशन मास्टर को बुलाया गया। उन्होंने उसका आईडी कार्ड मांगा, तो उसने अपना आईडी कार्ड दिया, जिसमें उसका नाम काजल सरोज पुत्री छोटेलाल सरोज निवासी ग्राम मालेपुर संत रविदास नगर अंकित है और जिसका नंबर 20137081345 है।

जानकारी करने पर इस नंबर और नाम का कोई टीटीई चेकिंग कैडर में पंजीकृत नहीं है, जिसके संबंध में स्टेशन मास्टर की तरफ से लिखित में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया और महिला आरक्षी की मदद से थाना जीआरपी के सुपुर्द किया गया, जिसके संबंध में थाना अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## हिसार में कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व प्रत्याशी रामनिवास राड़ा समेत कई नेता भाजपा में शामिल

हिसार (आरएनएस)। हरियाणा में आगामी चुनावी गतिविधियों के बीच कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। हिसार विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास राड़ा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। उनके साथ पूर्व नगर निगम चेयरमैन बिहारीलाल राड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित, हिसार लोकसभा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सनेत समेत एक दर्जन नेता भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।इन सभी नेताओं को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पार्टी की पगड़ी पहनाकर विधिवत रूप से भाजपा में शामिल कराया। इस राजनीतिक घटनाक्रम को भाजपा के लिए बड़ी जीत और कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### रामनिवास राड़ा व अन्य नेता भाजपा में क्यों शामिल हुए ?


रामनिवास राड़ा व उनके समर्थकों के भाजपा में शामिल होने के पीछे कई राजनीतिक समीकरण बताए जा रहे हैं। वहीं, भाजपा ने भी उन्हें पार्टी में शामिल कर हिसार की राजनीति में अपनी स्थिति मजबूत करने के संकेत दिए हैं। इस मौके पर रामनिवास राड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं। मैं खुद भी हरियाणा की जनता की सेवा करना चाहता हूं, इसलिए भाजपा में शामिल हुआ हूं।

### कांग्रेस को बड़ा झटका, भाजपा को मजबूती

हिसार में हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पिछले विधानसभा चुनाव में रामनिवास राड़ा कांग्रेस प्रत्याशी थे, ऐसे में उनका भाजपा में शामिल होना पार्टी के लिए संघर्षपूर्ण साबित हो सकता है। वहीं, पूर्व नगर निगम चेयरमैन बिहारीलाल राड़ा और युवा कांग्रेस के कई बड़े चेहरे भी भाजपा में चले गए, जिससे कांग्रेस की जमीनी पकड़ कमजोर हो सकती है। यह घटनाक्रम भाजपा के लिए चुनावी बढ़त साबित हो सकता है, क्योंकि कांग्रेस के इन नेताओं का हिसार लोकसभा सीट और विधानसभा क्षेत्रों में अच्छा प्रभाव है।


हरियाणा में भाजपा लगातार विपक्षी दलों के प्रभावशाली नेताओं को अपने पाले में लाने में लगी हुई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा मजबूत संगठन बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। कांग्रेस की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रह सकता है।

## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है। जिसमें डीपनेक ब्लाउज और ऊपर से श्रग पहन कर उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है।प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो भले ही इन दिनों फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

## जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर रिलीज, रोमांस और ड्रामा से भरी है फिल्म कहानी, 27 फरवरी DKS प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज




भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज़ जिद्दी गर्ल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज़ किया. यह सीरीज़ युवाओं की दुनिया का बेहतरीन संगम है, जिसमें बीते दौर की मधुर यादों और आज के दौर की ताजगी का खूबसूरत मेल है. प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैनर तले बनी इस सीरीज़ के निर्माता प्रीतिश नंदी हैं, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है. निर्देशन की कमान शोनाली बोस ने संभाली है, और इसे वसंत नाथ व नेहा वीणा शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है. कॉलेज लाइफ की मस्ती, चुनौतियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव को पर्दे पर जीवंत करने के लिए इस शो में प्रतिभाशाली नए कलाकारों अतिया तारा नायक, उमंग भदाना, ज़ैना अली, दिया दामिनी और अनुप्रिया करौली को शामिल किया गया है।

इनके साथ ही मशहूर कलाकार सिमरन, नंदिता दास, नंदीश सिंह संधू, लिलेट दुबे और रेवती भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. आठ-एपिसोड की यह ओरिजिनल सीरीज भारत में प्राइम वीडियो पर और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 27 फरवरी को हिंदी में अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है. जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर दर्शकों को सीधे मैटिल्डा हाउस कॉलेज (जिसे एमएच भी कहा जाता है) की दुनिया में ले जाता है, जहां परंपराओं की गहरी जड़ें हैं, लेकिन बदलाव भी अनिवार्य है. एक नई, बेखौफ पीढ़ी यहां कदम रखती है, जो सत्ता को चुनौती देने, बाधाओं को तोड़ने और अपने भविष्य के लिए लड़ने के लिए तैयार है।


जैसे-जैसे महत्वाकांक्षाएं विरोध से टकराती हैं, तनाव बढ़ता है और पूरा कैंपस विचारधाराओं के संघर्ष का अखाड़ा बन जाता है, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच हंसी के पल भी हैं, दिल छू लेने वाले रिश्ते हैं, और ऐसे दोस्त हैं जो हर मुश्किल में साथ खड़े रहते हैं, क्या ये 'जिद्दी' (निडर) लड़कियां एकजुट होकर अपनी आवाज़ को बुलंद कर पाएंगी और पुराने नियमों को तोड़कर नियमों को पुनः लिखेंगी?

निर्देशक शोनाली बोस ने कहा, जिद्दी गर्ल्स सिर्फ एक और कॉलेज ड्रामा नहीं है. यह आज के दौर की युवा महिलाओं के जीवन की एक सच्ची, बिना किसी बनावट की झलक है. हर किरदार को बहुत बारीकी से गढ़ा गया है, उनकी यात्राएं इतनी गहरी और जटिल हैं कि वे हमें किसी न किसी रूप में जाने-पहचाने या अपने जैसे लगते हैं. इन लड़कियों का सफर दोस्तियों, महत्वाकांक्षाओं और निजी संघर्षों से गुजरते हुए एकदम वास्तविक और सार्वभौमिक लगता है और इन कहानियों को जीवंत करने के लिए जो कलाकार साथ आए हैं, उनकी अदाकारी इतनी दमदार है कि हर जीत, हर हार, और हर विद्रोह दर्शकों को असली महसूस होगा. हम इस कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हैं और हमें पूरा यकीन है कि जब यह प्राइम वीडियो पर रिलीज़ होगी, तो लोग इससे जुड़ेंगे. यह वही मंच है, जो हमारी तरह ऐसी कहानियों को दिखाने में विश्वास करता है, जो सिर्फ मनोरंजक ही नहीं, बल्कि सार्थक भी हों।

लेखक और निर्देशक, नेहा वीणा शर्मा और वसंत नाथ ने कहा, लेखक और निर्देशक के रूप में, हमने गहन शोध किया और अपने स्वयं के कॉलेज अनुभवों में गहराई से उतरकर ज़िद्दी गर्ल्स को प्रामाणिक, प्रासंगिक और गहराई से जुड़ाव महसूस कराने का प्रयास किया. कॉलेज वह स्थान है जहां हमारी पहचान बनती है - एक ऐसी दुनिया जो संभावनाओं से भरी होती है- दोस्ती गहरी होती है, सपने बड़े होते हैं, और प्रभाव शक्तिशाली होते हैं, ज़िद्दी गर्ल्स के प्रत्येक किरदार में अपनी अलग चमक और जुनून है, जो इस सीरीज़ को दिल, हास्य और विद्रोही भावना का एक रोमांचक मिश्रण बनाता है।

## अक्षय कुमार का गाना महाकाल चलो जारी, शिवलिंग से लिपटे दिखे अभिनेता

महाशिवरात्रि से पहले अभिनेता अक्षय कुमार का गाना महाकाल चलो रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि महाकाल को समर्पित यह गीत अक्षय ने पलाश सेन और विक्रम मोंट्रो के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं।




गाने का निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। महाकाल चलो में अक्षय भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। गाना गाते हुए वह शिवलिंग से लिपटे दिखाई दे रहे हैं। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर महाकाल चलो गाना साझा किया है। उन्होंने लिखा, शिव भक्ति में एक और कदम, महाकाल चलो उम्मीद है कि जिस दिव्य अनुभव को मैंने गाते समय महसूस किया, वही आप भी महसूस करेंगे। काम के मोर्चे पर बात करें तो अक्षय जल्द ही फिल्म केसरी- चैप्टर 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अनन्या पांडे और आर माधवन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने के दौरान डर गई थीं अंजना सुखानी, बोलीं- जबरदस्ती करना पड़ा



निखिल आडवाणी की फिल्म सलाम-ए-इश्क में नजर आईं अभिनेत्री अंजना सुखानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका अनुभव बहुत खराब रहा। अंजना ने कहा कि निखिल उनके साथ बहुत बुरे और स्ट्रिक्ट रहे। उन्होंने बताया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के लिए अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया।

अंजना ने कहा कि उन्हें इस मांग को मानसिक रूप से समझने का कोई समय नहीं दिया गया और उनके आसपास के लोगों ने शायद यह मान लिया कि वे नई आईं हैं, इसलिए कुछ भी करने से मना नहीं करेंगी। अंजना ने कहा कि वह रोना चाहती थीं और उन्हें ऐसा नहीं लगा कि उनके पास मना करने की शक्ति है इसलिए वह मान गईं।अंजना ने कहा कि जब कोई नया इंडस्ट्री में आता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच सकते हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाता है तो अंजना ने जबरदस्ती करवाए गए किसिंग सीन के बारे में बात की। अंजना ने कहा, मुझे किस के बारे में अंत तक नहीं बताया गया, जब तक कि हम सीन करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। एक स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होगा, है न अंजना से इस बारे में सवाल उठाने को लेकर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करने की स्थिति में थी। मैं घबराई हुई थी, अभिभूत थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में किसी से बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है।

## माल तेरा मार्केट मेरी, लंच बॉक्स में ड्रग्स सप्लाई, 5 मजबूर महिलाओं की डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज

एक लंचबॉक्स सर्विस के रूप में शुरू होने वाली डब्बा कार्टेल की कहानी जल्द ही क्राइम, धोखे और अस्तित्व के खतरनाक खेल में बदल जाती है. नेटफ्लिक्स के डब्बा कार्टेल का ट्रेलर पांच मिडिल क्लास की महिलाओं के जीवन पर रोशनी डालता है जिसमें उनका टिफिन सर्विस का बिजनेस खतरनाक मोड़ लेता है और उन्हें एक हाई-स्टेक वाले ड्रग कार्टेल की दुनिया में धकेल देता है.ट्रेलर में मुंबई के ठाणे में 5 महिलाओं का एक ग्रुप टिफिन सर्विस चलाता है. हालांक इसके पीछे एक बड़ा खतरनाक सस्पेंस छुपा हुआ है. क्योंकि ये महिलाएं टिफिन सर्विस की आड़ में ग्राहकों तक ड्रग्स पहुंचा रही हैं. लेकिन जल्द ही इसका खुलासा हो जाता है और ये महिलाएं बड़ी दुविधा में फंस जाती है. जाहिर तौर पर ट्रेलर काफी दिलचस्प है और सीरीज भी एंटरटेनिंग लग रही है।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति खुद को कहीं खतरनाक परिस्थिति में उलझा हुआ पाते हैं. शबाना आजमी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयान, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, सई ताम्हणकर, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेंद्र सिंह जादावत जैसे शानदार कलाकारों से सजी सीरीज ठाणे के उस इलाके की झलक दिखाती है जहां सपनों को हर मोड़ पर खतरे का सामना करना पड़ता है।

## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4: छत्रपति संभाजी महाराज का क्रेज बरकरार, 200 करोड़ी क्लब में शामिल होने के लिए तैयार

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसका क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने दुनियाभर में जहां 2 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फाइटर जैसी फिल्म को पछाड़े हुए पहले वीकेंड में 100 करोड़ से



ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें फिल्म खरी उतरी है. हालांकि, सोमवार 17 फरवरी को छावा की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही है।

14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की डिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने पहले दिन 33.10 करोड़ रुपये की कमाई. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 39.30 करोड़ रुपये के साथ दर्शकों के दिलों पर छाई रही. छावा का क्रेज संडे को काफी देखने को मिला. तीसरे दिन छावा ने 49.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि 50 करोड़ रुपये से यह चूक गई लेकिन तीन दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. जी हां, पहले वीकेंड में ही छावा ने भारत में 121.43 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया.छावा की असली परीक्षा पहले मंडे को हुआ, जिसमें वह खरी उतरी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने भारत में अपने पहले सोमवार को 24 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे शुरुआती अनुमानों के आधार पर इसकी कुल कमाई 145.43 करोड़ रुपये हो गई।

# रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल बेहद जरूरी, जानें क्यों?



रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल ना केवल उस दांत को स्वस्थ रखती है जिसका उपचार हुआ है, बल्कि पूरे मुंह के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है. लेकिन इस प्रक्रिया के बाद चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन करना और दांतों की नियमित देखभाल करना बहुत जरूरी है. याद रखें, दांतों की सही देखभाल ना केवल आपकी मुस्कान को बचाती है, बल्कि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है

### जरूरी है रूट कैनाल के बाद दांतों की विशेष देखभाल

रूट कैनाल एक सामान्य डेंटल प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य खराब दांत का उपचार करना और उसे बचाना तथा दर्द से राहत दिलाना होता है. इस प्रक्रिया को लेकर लोगों में यह आम धारणा देखी जाती हैं कि रूट कैनाल के बाद दांत पूरी तरह ठीक हो जाते हैं और उनकी देखभाल की जरूरत नहीं होती है. लेकिन असल में, इस प्रक्रिया के बाद दांतों को अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है. रूट कैनाल के बाद अगर चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन ना किया जाए, तो दांतों में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.

### क्या कहते हैं चिकित्सक

हेल्थ केयर विशेषज्ञ बताते हैं कि रूट कैनाल एक डेंटल प्रक्रिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य संक्रमित या क्षतिग्रस्त दांत को बचाना होता है. जब दांत के अंदर मौजूद नरम ऊतक (जिसे पल्प कहा जाता है) संक्रमण या चोट के कारण खराब हो जाता है, तो डॉक्टर इसे हटाकर दांत को साफ करते हैं. इसके बाद दांत के अंदर की जगह को भरकर सील कर दिया जाता है. दांत को सील करके क्राउन (सुरक्षा कवच) लगाया जाता है ताकि दांत मजबूत बना रहे.

यह प्रक्रिया दांत को निकालने से बचाने का एक प्रभावी तरीका है. रूट कैनाल के बाद खराब दांत को निकालने की जरूरत नहीं पड़ती, और यह लंबे समय तक उपयोगी बना रहता है लेकिन इस प्रक्रिया के कुछ प्रभाव भी रहते हैं जैसे उपचार किए गए दांत की संवेदनशीलता कम हो जाती है क्योंकि रूट कैनाल के बाद दांत में नसें नहीं रहतीं. वहीं रूट कैनाल के बाद दांत की संरचना भी कमजोर हो जाती है, इसलिए इसे सुरक्षित रखने के लिए क्राउन लगाना जरूरी है.

वह बताते हैं कि इस प्रक्रिया के बाद दांतों को विशेष देखभाल की जरूरत होती हैं. यदि ऐसा ना किया जाए तो कई तरह की समस्याएं परेशान कर सकती हैं, जैसे रूट कैनाल के बाद दांत की सही देखभाल ना करने से आसपास के दांत भी प्रभावित हो सकते हैं, उचित सफाई ना होने पर बैक्टीरिया दांतों में संक्रमण फैला सकते हैं तथा दांतों के आसपास सूजन या मसूड़ों में दर्द हो सकता है. वहीं चूंकि इस प्रक्रिया के बाद दांत कमजोर हो जाते हैं ऐसे में उनके दांत टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है.

### रूट कैनाल के बाद देखभाल

वह बताते हैं कि हालांकि रूट कैनाल एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, लेकिन इसके बाद दांतों की विशेष देखभाल जरूरी होती है. सही देखभाल से आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं. इसके लिए कुछ बातों व सावधानियों का पालन करना बेहद जरूरी हैं जिनमें से कुछ प्रकार हैं.

### नियमित रूप से डेंटिस्ट से फॉलो-अप कराएं, उनके द्वारा दी गई सलाह का पालन करें तथा अपना मेडिकेशन यानी दवाइयां समय पर लें.

सही तरीके से ब्रश और फ्लॉस करें. इसके लिए हल्के ब्रश का इस्तेमाल करें और दांतों को धीरे-धीरे साफ करें. साथ ही फ्लॉसिंग से दांतों के बीच की सफाई करें.

मुंह की सफाई का विशेष ध्यान रखें. दिन में दो बार ब्रश करने के अलावा एंटीसेप्टिक माउथवॉश का उपयोग भी लाभकारी होता है.

संतुलित आहार का ध्यान रखें. पौष्टिक भोजन करें, जिसमें कैल्शियम और विटामिन डी की मात्रा ज्यादा हो.

### नट्स और बर्फ आदि सख्त चीजों तथा मिठाई व अन्य चिपचिपी चीजों को चबाने व खाने से बचें.

दांतों का सुरक्षा कवच (क्राउन) जरूर लगवाएं क्योंकि क्राउन रूट कैनाल के बाद दांतों को टूटने से बचाने का कार्य करता है.

दांतों पर अधिक दबाव डालने वाली आदतें, जैसे नाखून चबाना, दांतों से पैकेट खोलना और पेन या पेंसिल चबाना, आदि को छोड़ दें.

## रोजाना पपीते का सेवन हार्ट समेत इन समस्याओं में हो सकता है फायदेमंद

पपीता एक ऐसा फल है जिसकी डिमांड हर मौसम में रहती है. इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके पूरे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो शरीर को अंदर से मजबूत और पाचन तंत्र को हेल्दी रखता है. आइए जानते हैं कि रोजाना सुबह खाली पेट पपीता खाने से पाचन तंत्र समेत किन-किन समस्याओं से राहत दिला सकता है आइए जानते हैं पपीता खाने के फायदे के बारे में...



### ये हैं रोजाना खाली पेट पपीता खाने के फायदे-

बाल और स्किन के लिए फायदेमंद

पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो आपके बाल और त्वचा की चमक को बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही रोजाना पपीता खाने से कोलेजन (प्रोटीन ) का उत्पादन भी शरीर में बढ़ता है. इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को मज़बूत करता है.

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है

पपीते में पाया जाने वाला पोटैशियम एक खनिज है, जो ब्लड प्रेशर, मांसपेशियों की इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाए रखने में मदद करता है. साथ ही पपीते में पाया जाने वाले विटामिन बी कोशिका विभाजन, डीएनए संश्लेषण, और भ्रूण के विकास में अहम भूमिका निभाता है.

### हार्ट हेल्थ के लिए बेहद लाभकारी

पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है, जो हार्ट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है. साथ ही बल्ड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी सहायक साबित हो सकता है.

# हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़िया' अमेरिका ऐसे करता हैं अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट



वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में मौजूद अवैध प्रवासी भारतीयों को लगातार भारत वापस भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि डिपोर्टेशन के दौरान लोगों के हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डाली जाती है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस घटना पर विपक्षी सांसदों ने चिंता जाहिर की और सरकार से सवाल भी पूछे।

इसी बीच व्हाइट हाउस ने हथकड़ियों में बंधे अवैध प्रवासियों का एक नया वीडियो पोस्ट (Illegal Immigrants Deportation Video) किया है। व्हाइट हाउस के आधिकारिक पेज पर पोस्ट किए गए 41 सेकंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि डिपोर्ट किए जाने वाले प्रवासियों को तैयार किया जा रहा है। डिपोर्ट किए जाने वाले एक प्रवासी को तैयार करते पुलिस अधिकारी को देखा जा सकता है।

अधिकारी प्रवासी शख्स को हथकड़ियां लगा रहा है। एयरपोर्ट पर हथकड़ियां और चेन रखी देखी जा सकती है। वीडियो में किसी शख्स का चेहरा नहीं दिखाया गया है, लेकिन वीडियो में देखा जा सकता है कि लोगों के हाथ और पैरों को चैन से बांधा गया। एक क्लिप में देखा जा सकता है कि एक शख्स प्लेन में चढ़ रहा है। उसके पैरों में बेड़ियां बंधी हुई है।

कुछ दिनों पहले अमेरिकी सैन्य विमान से 112 अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। ट्रंप शासन में वापस भेजे अवैध प्रवासी भारतीयों का यह तीसरा जत्था है। इससे पहले दूसरे खेप में 116 लोगों को और पहले जत्थे में 104 लोगों को अमेरिका से भारत भेजा गया।

NBC की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी आव्रजन अधिकारी व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के दौरान एक संरचित प्रक्रिया का पालन करते हैं । ICE के नियमों के अनुसार, विमान में अवैध प्रवासियों के हाथों और पैरों को चेन से बांधने के नियम हैं। हालांकि, जब विमान अपने गंतव्य पर पहुंच जाए तो हथकड़ियां और बेड़ियां को तुरंत खोलना जरूरी है।

डिपोर्शन के दौरान अवैध प्रवासियों को कोई सामान ले जाने की इजाजत नहीं है। हालांकि, 18 किलोग्राम तक एक बैग ले जाने की अनुमति है, लेकिन अधिकारी उस बैग की जांच करते हैं। अवैध प्रवासियों को विमान में बैठने के बाद हथकड़ी, पैर की बेड़ियां बांधी जाती है।

## पुतिन ने रखी नई शर्त कहा नाटो की सेना स्वीकार नहीं करेंगे

मॉस्को(ए)। रुस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के हो रहे प्रयासों के बीच रुस ने एक नई शर्त रख दी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक नई शर्त रख दी है।



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, हम वो सीजफायर तो कतई नहीं मानेंगे जिसमें कहा जाए कि यूक्रेन में नाटो सेना की तैनाती होगी। हम यूक्रेन में किसी भी शांति समझौते के तहत नाटो देशों की शांति सेना को स्वीकार नहीं करेंगे। सऊदी अरब में अमेरिका के साथ हाईलेवल मीटिंग के बाद उन्होंने यह बयान दिया।रूस के विदेश मंत्री ने कहा, किसी अन्य झंडे के तहत सशस्त्र बलों की उपस्थिति से कुछ नहीं बदलेगा। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। रूस और अमेरिका ने कहा कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू करने हेतु टीमों को नियुक्त करने पर सहमत हुए हैं। बैठक के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, आज एक लंबी और कठिन यात्रा का पहला कदम है, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## फंडिंग के सवाल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले- 'भारत के पास है पैसा बहुत, हम 21 मिलियन डॉलर क्यों दें

वॉशिंगटन (आरएनएस)। एलन मस्क के नेतृत्व वाला सरकारी दक्षता विभाग लगातार यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड से जुड़ी अहम जानकारी साझा कर रही है। कुछ दिनों पहले DOGE ने जानकारी दी थी कि USAID द्वारा भारत समेत दुनियाभर के कई देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता रोक दी है।

जानकारी सामने आई है कि भारत के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की खातिर अमेरिका फंडिंग कर रहा था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अमेरिका यह धन किसे देता था? रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका 21 मिलियन डॉलर (1 अरब 82 करोड़ रुपए) भारत को देता था। फंडिंग को लेकर जब राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे?

ट्रंप ने कहा उनके (भारत) पास बहुत ज्यादा पैसा है। ऐसे में हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? ये बात समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। हम मुश्किल से वहां पहुंच सकते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ऊंचे हैं। ट्रंप ने कहा कि वो भारत और प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करते हैं, जो कुछ दिन पहले ही अमेरिका से गए हैं। DOGE ने कुछ दिनों पहले कहा था कि अमेरिका ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए 21 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम में कटौती करने का फैसला किया है। DOGE अमेरिकी सरकार के खर्चे में कटौती कर रहा है। DOGE द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अमेरिका भारत को 21 मिलियन डॉलर इसलिए देता था ताकि देश के चुनावों में मतदाता की भागीदारी बढ़े।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण को लागू करने के लिए तैयार : हमास

गाजा (आरएनएस)। हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने की अपनी इच्छा जाहिर की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने गाजा छोड़ने की इजरायली मांग भी नकार दी।

हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने एक बयान में कहा कि समूह मध्यस्थ के अनुरोध पर रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमत है, जो समझौते के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक कासिम ने हमास को गाजा छोड़ने की इजरायली मांगों को खारिज करते हुए इसे मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमास इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस मांग को स्वीकार नहीं करेगा कि समूह निरस्त्र हो जाए और उसके नेताओं को गाजा से निकाल दिया जाए।

इससे पहले इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक ने बताया कि नेतन्याहू ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का आधिकारिक तौर पर फैसला किया और अपने फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया।इससे पहले शनिवार को हमास और इजरायल ने बंधकों के बदले कैदियों की छठी अदला-बदली पूरी की।

इस अदला-बदली में हमास ने गाजा में बंधक बनाए गए तीन और इजरायली बंधकों को रिहा किया, जबकि इजरायली अधिकारियों ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा किया।

19 जनवरी से प्रभावी और छह सप्ताह तक चलने वाले संघर्ष विराम समझौते के पहले चरण के तहत, लगभग 2,000 फिलिस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है।

## 7 पंजाबी यात्रियों को बस से उतारकर मारी गई गोली, इलाके में मचा हड़कंप

क्वेटा (आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। हमला बरखान जिले में हुआ। अफगानिस्तान और



ईरान की सीमा से लगा बलूचिस्तान प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों और पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई का युद्धक्षेत्र बना हुआ है। अगलगाववादी अधिक स्वायत्तता और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सा चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका, राष्ट्रीय पहचान पत्र की जांच की और फिर सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी। अधिकारी ने बताया कि मारे गए सभी सात लोग मध्य पंजाब प्रांत के थे। क्षेत्र के सहायक आयुक्त खादिम हुसैन ने कहा कि हत्याएं पंजाब के दक्षिणी शहर डेरा गजा खान को बरखान से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, और हत्याओं के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी गई है, लेकिन हमलावर भाग निकलने में कामयाब रहे।

# युद्ध के लिए ट्रंप ने यूक्रेन को ठहराया दोषी, कहा - आसानी से सुलझ सकता था मामला



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन पर निशाना साधा है। उन्होंने युद्ध शुरू करने के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया और कहा कि कीव पहले समझौता कर सकता था। लगभग तीन वर्ष पहले रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले के बाद यूक्रेन में युद्ध छिड़ गया था।

ट्रंप का यह बयान मंगलवार को रियाद में युद्ध को समाप्त करने के लिए हुई अमेरिका-रूस वार्ता के बाद आया। हालांकि इसमें कीव को शामिल नहीं किया गया था जिसकी यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने निंदा भी की। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि उनके देश को रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए होने वाली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की की प्रतिक्रिया पर निराशा जाहिर करते हुए ट्रंप ने कहा,मैंने सुना है कि वे सीट न मिलने से परेशान हैं, हालांकि उनके पास तीन साल और उससे भी पहले से सीट है। इस मामले को बहुत आसानी से सुलझाया जा सकता था।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आपको इसे कभी शुरू नहीं करना चाहिए था। आप एक डील कर सकते थे। उन्होंने कहा, मैं यूक्रेन के लिए ऐसा समझौता कर सकता था। इससे उन्हें लगभग सारी जमीन मिल जाती - और कोई भी व्यक्ति नहीं मारा जाता, कोई भी शहर तबाह नहीं होता। रियाद में बैठक के बाद, ट्रम्प ने कहा, रूस कुछ करना चाहता है। वे बर्बरता को रोकना चाहते हैं। मुझे लगता है कि मेरे पास इस युद्ध को समाप्त करने की शक्ति है। इससे पहले रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिकी-रूस वार्ता में शामिल पक्षों ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय टीम बनाने पर सहमति जताई है। अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडल की मंगलवार को रियाद में करीब चार घंटे से अधिक समय तक चली। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी इस दौरान मौजूद रहे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुबियो ने बताया कि दूतावास में कर्मचारियों की संख्या बहाल करने पर भी सहमति बनी है।

# खेल समाचार

## जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार

दोहा, (आरएनएस)। पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला।

इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी।

जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

जोकोविच ने कहा, मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है।

उन्होंने कहा, वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी।

दोहा में दो बार के चैंपियन जोकोविच ने पिछले सीजन में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन पूरे सीजन में कोई और खिताब नहीं जीत पाए। 2017 के बाद यह पहली बार था जब 99 टूर-लेवल के खिताबी खिलाड़ी ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता।

37 वर्षीय खिलाड़ी का 2025 में 7-3 का रिकॉर्ड है। जोकोविच, जिन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि वे कम से कम क्ले स्विंग के अंत तक एंडी मरे के साथ काम करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वे भविष्य में और अधिक ट्रॉफी जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

मैं हर किसी की तरह अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मेरा खेल अब बदलने वाला नहीं है। मैं सर्व और वॉली नहीं खेलने जा रहा हूं, शायद कभी-कभार, लेकिन मेरा खेल वही है जो है, कोर वही रहने वाला है। मैं जिस सतह पर खेलता हूं उसके आधार पर समायोजित करने की कोशिश करने जा रहा हूं और इसी तरह।

## मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का 76 साल की उम्र में निधन

मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई के पूर्व कप्तान मिलिंद रेगे का 76 साल के होने के कुछ ही दिन बाद बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रेगे ने 1966-67 और 1977-78 के बीच 52 प्रथम श्रेणी मैचों में अपने ऑफ़ ब्रेक के साथ 126 विकेट लिए। उन्होंने उन मैचों में 23.56 की औसत से 1532 रन भी बनाए। अपने खेल करियर के बाद, रेगे विभिन्न पदों पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से जुड़े रहे, जिसमें अलग-अलग पदों पर चयनकर्ता और चयनकर्ता प्रमुख शामिल थे।

1988 में जब युवा सचिन तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफ़ी टीम में शामिल किया गया था, तब वह मुंबई के चयनकर्ताओं में से एक थे। 2006 में, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में मुंबई के वीडियो विश्लेषक के उपयोग का समर्थन किया था, जो खेल में तत्कालीन नवोदित उपकरण का उपयोग करने वाले शुरुआती चरणों में से एक था।रेगे ने 2017 में मुंबई के 500वें रणजी ट्रॉफ़ी मैच की पूर्व संध्या पर ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया था, मुंबई के लिए खेलने के लिए, आपको अपनी कैप अर्जित करनी होगी और इसे बरक़रार रखने के लिए संघर्ष करना होगा।

## आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे शुभमन, बाबर दूसरे नंबर पर खिसके



दुबई (ए)। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के आधार पर शुभमन ने 15 अंक हासिल कर पहले स्थान पर कब्जा कर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को दूसरे नंबर पर धकेल दिया है। वहीं आजम को 13 अंक का नुकसान हुआ है।

शुभमन अभी एकदिवसीय में अच्छे फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 86.33 के औसत से 259 रन बनाए। शुभमन को बाबर को रैंकिंग में पीछे छोड़ने के लिए केवल पांच अंक की जरूरत थी। वहीं आजम को त्रिकोणीय सीरीज में खराब प्रदर्शन से 13 अंक का नुकसान हुआ जबकि शुभमन गिल को 15 अंक मिले। इस भारतीय बल्लेबाज के नाम अब 796 अंक हैं जबकि बाबर के 776 अंक ही हैं। मौजूद हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दिन ही शुभमन के नंबर वन बल्लेबाज बनने से उनका मनोबल बढ़ेगा। टूर्नामेंट में उपकप्तानी कर रहे शुभमन से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा था कि हाल ही में उप-कप्तान बनाए जाने से उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## 4671 वनडे इंटरनेशनल में पहली बार हुआ ऐसा, अमेरिका ने तोड़ दिया टीम इंडिया का वर्ल्ड रिकॉर्ड

नईदिल्ली (ए.)। अमेरिका ने 18 फरवरी को अल अमीरत के अल अमीरत क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 के मुकाबले में ओमान को 57 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में अमेरिका ने भारत का 40 साल पुराना अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया।

अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए, इसके जवाब में ओमान की टीम 65 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह पुरुष वनडे इंटरनेशनल इतिहास में किसी टीम द्वारा पूर्ण मैच (जिसमें ओवर ने काटे गए हों) में डिफेंट किया गया सबसे कम स्कोर है। इससे पहले 1985 में पाकिस्तान के खिलाफ शारजाह में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 125 रन का स्कोर डिफेंड किया था। भारत ने वह मुकाबला 38 रन से जीता था।अमेरिका और ओमान के बीच इस मुकाबले में तेज गेंदबाजों ने एक भी गेंद नहीं डाली। 4671 वनडे मैच के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब एक पूर्ण मैच में सभी ओवर सिर्फ स्पिन गेंदबाजों ने ही डाले।

इस मुकाबले में कुल 19 विकेट गिरे, यह एक वनडे मैच में स्पिनरों द्वारा ली गई सबसे ज्यादा विकेट के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी है। इससे पहले साल 2011 में बांग्लादेश-पाकिस्तान वनडे मैच में ऐसा हुआ था।

अमेरिका और ओमान के बीच हुए इस मुकाबले में 61 ओवर में 187 रन बनाए। एक वनडे मैच में दोनों टीम के बल्लेबाजी करने के बाद बनाया गया यह दूसरा सबसे कम स्कोर है।

## अजिंक्य रहाणे का सनसनीखेज खुलासा, बीजीटी में कमेंट्री करने का मिला था तगड़ा ऑफर

नईदिल्ली,(ए)। भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे टीम में वापसी के लिए पूरा ज़ोर लगा रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में चल रहे रहाणे ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया जिसमें उन्होंने एक



सनसनीखेज खुलासा किया और बताया कि उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान कमेंटेटर के तौर पर काम करने का बड़ा ऑफर दिया गया था।

रहाणे ने मुंबई को 2023-24 में ईरानी ट्रॉफी का खिताब दिलाया, लेकिन अजीत अगरकर की चयन समिति ने इसके बावजूद उन पर भरोसा नहीं दिखाया। वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेले और वेस्टइंडीज दौरे का भी हिस्सा थे। हालांकि, उनके कम स्कोर के कारण उन्हें रेड-बॉल टीम से हटा दिया गया।

रहाणे ने कहा, मुझे एक विशेषज्ञ के तौर पर काम करने का बड़ा ऑफर मिला था। ये बड़ी रकम थी लेकिन मुझे पता था कि मैं अभी भी खेल सकता हूं। चयनित होना मेरे हाथ में नहीं है। मैं ऐसी स्थिति में नहीं रहना चाहता था जहां मुझे लगे कि ये विशेषज्ञ असाइनमेंट बाद में लिया जा सकता था इसलिए मैंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। आपको बता दें कि रहाणे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वो मुंबई की हरियाणा पर रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल जीत में रन बनाने वालों में भी शामिल थे। फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय टीम को चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को टीम में शामिल करना चाहिए था। रहाणे ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, मैं बहुत से लोगों से मिला, जिन्होंने महसूस किया कि मुझे टीम में होना चाहिए था।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

### दोपहर के ढाई बजे से होगा मैच

दुबई (ए)। भारतीय टीम गुरुवार को यहां के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। वह इस मैच को जीतकर यहां के मैदान के अनुरुप ढ़लते हुए पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच के लिए भी लय हासिल करना चाहेगी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला टीम इंडिया के लिए इसलिए अहम है, क्योंकि कई सवाल मौजूदा टीम पर हैं। भारतीय टीम के लिए इस मैच में जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर किसी गेंदबाज को रखती है। ये देखना होगा। बुमराह फिट नहीं होने के कारण इस टूर्नोमेंट से बाहार हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है हालांकि इसके लिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की जीत कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की बल्लेबाजी पर भी निर्भर करेगी। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर पर भी भारतीय प्रशंसकों की नजर रहेंगी। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के



खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया था। इसके अलावा शुभमन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में एक शतक और दो अर्धशतक लगाये। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत को इस मैच के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है। वहीं एक हार भी उसे बाहर कर सकती है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है पर बांग्लादेश के खिलाफ उसे सही संयोजन रखना होगा।

इस मैच में देखना होगा कि विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर अंतिम एकदिवसीय मै में वह पांचवें नंबर पर उतरे। दो मैचों में वे विफल रहे थे, लेकिन तीसरे मैच में उन्होंने रन बनाए थे। ऐसे में पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन मैच की स्थिति के अनुसार ही कोई फैसला करेगा।दूसरी ओर गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना आसान नहीं है। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नई गेंद से साझेदार के रूप में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा ये देखना होगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। राणा ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और वह सपाट पिचों पर भी अपनी गति और उछाल के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने की क्षमता रखते पर अर्शदीप बाएं हाथ के कोण और अपनी गेंदबाजी में मौजूद विविधता के कारण नई गेंद की जिम्मेदारी उठाने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

